NIEPMD

वार्षिक प्रतिवेदन

2013-14

वार्षिक प्रतिवेदन

2013-14

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान

(एनआईईपीएमडी)

(अशक्तता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
ईसीआर, मुत्तुक्कादु, कोवळम् (पीओ), चेन्नै - 603 112
दूरभाष : 044-27472113/2046, फैक्स : 044-27472389
ई मेलः niepmd@gmail.com वेबसाइटः www.niepmd.tn.nic.in

विषय वस्तु

अध्याय संख्या		पृष्ठ संख्या
	एनआईईपीएमडी के 2013-14 वर्ष के कार्यकलापों की विशिष्टताएं	
1.	प्रस्तावना	1
2.	संगठनात्मक संरचना	5
3.	मानव संसाधन विकास और प्रशिक्षण 3.1 दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 3.2 अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 3.3 कार्यशालाओं/सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लेनेवाले प्राध्यापकगण/अधिकारीगण	8
4.	सेवाएँ	15
5.	विकलांगों की सहायता हेतु क्रय/साधनों को बिठाने/उपकरणों (एडीआईपी) की योजना	50
6.	अनुसंधान और विकास	52
7.	महत्वपूर्ण घटनाएँ	59
8.	प्रशासन	74
9.	विकलांग व्यक्तियों के लिए संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र	79
10.	लेखा परीक्षा प्रतिवेदन और वार्षिक लेखाएँ	88
	परिशिष्ट 1. अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण 2. कार्यशालाओं/सम्मेलनों और संगोष्ठियों में भाग लेनेवाले प्राध्यापकगणों/अधिकारीगणों की सूची	 i xv

वर्ष 2013-14 के एनआईईपीएमडी के कार्यकलापों की विशिष्टताएं

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अधीन बहु विकलांग व्यक्तियों के अधिकारिता का राष्ट्रीय संस्थान 2005 में ईसीआर, मुत्तुक्काडु, चेन्नै, तमिलनाडु में स्थापित हुआ। यह राष्ट्रीय संस्थान उन व्यक्तियों जिनको दो या उससे अधिक विकलांगताये है उनके उद्देश्य की पूर्ति के लिए कार्य करेगा। पीडबल्यूडी (1995) के अधिनियम के अनुसार नाम निर्देशित हुई विकलांगता हैं, अल्प दृष्टि, अंधता, चलने-फिरने में विकलांगता, श्रवण क्षति, मानसिक मंदन, मानसिक बीमारी, कुष्ठरोग मुक्त व्यक्ति, और राष्ट्रीय ट्रस्ट (1999) के अधिनियम के अनुसार प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात और आत्म विमोह हैं। 2013-14 वर्ष के दौरान, एनआईईपीएमडी ने कई विशिष्टताएँ प्राप्त कीं; उनके कुछ विवरण निम्नलिखित हैं:

- एनआईईपीएमडी ने 2 अप्रैल, 2013 को विश्व आत्म-विमोह बोध दिवस मनाया। इस अवसर पर आत्म-विमोह के डिप्लोमा प्रशिक्षणार्थियों तथा आत्म विमोह ग्रस्त व्यक्तियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाये गये।

- 2013-14 वर्ष के दौरान एनआईईपीएमडी ने दो अतिरिक्त नये पाठ्यक्रम प्रारंभिक हस्तक्षेप में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और एम.फिल. (क्लीनिकल साईकोलोजी) शुरू किये।

- भारत सरकार के अशक्तता मामलों का विभाग, एमएसजे एवं ई, की सचिव श्रीमती स्तुति कक्कड़, की अध्यक्षता में 5 दिसंबर 2013 को नई दिल्ली में एनआईईपीएमडी की सामान्य परिषद् की बैठक संपन्न हुई।

- अशक्तता मामलों का विभाग, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार के सह सचिव की अध्यक्षता में एनआईईपीएमडी की कार्यकारी परिषद् की बैठकें 09 जुलाई 2013, 09 नवंबर 2013 और 13 फरवरी 2014 को हुई।

- एनआईईपीएमडी में 27 जून 2013 को हेलेन केल्लेर का जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर के स्मरणोत्सव में एनआईईपीएमडी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाया और बधिरा-अंधेपन के अभिभावकों को कल्याणमापन प्रदान किया। बधिरा-अंधेपन के प्रशिक्षणार्थियों तथा बधिरा-अंधेपन के व्यक्तियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाये गये। इस उत्सव के दौरान आर्थिक शक्तिदेन कार्यक्रम के अधीन बधिरा-अंधापन ग्रस्त व्यक्तियों के अभिभावकों को सिलाई की मशीनें दी गयीं।

- अशक्तता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 25 से 28 जुलाई 2013 के दौरान नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित "स्वाभिमान-विकलांग व्यक्तियों के साधनों और उपकरणों पर राष्ट्रीय प्रदर्शनी" में एनआईईपीएमडी ने भाग लिया।

- परिवार ने एनआईईपीएमडी में 7 और 8 अगस्त 2013 को "बौद्धिक और विकासशील अशक्तताएँ "शीर्षक पर चेन्नै राऊण्ड टेबल महासभा 2013 चलायी। तमिलनाडु सरकार के समाज कल्याण और पौष्टिक भोजन कार्यक्रम विभाग की माननीय मंत्री श्रीमती वळरमति मुख्य अतिथि रहीं। इस कार्यक्रम में माननीय मंत्री ने एनआईईपीएमडी के सभी सेवा कार्यकलापों को देखा। निदेशक ने मंत्री महोदया को विकलांग व्यक्तियों को दिये जानेवाले विभिन्न पुनर्वास कदमों और सेवाओं को संक्षेप में बताया।

- एनआईईपीएमडी और अशक्तता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सम्मिलित तत्वावधान में गुवाहाटी में 27 और 28 सितंबर, 2013 को 'बहु विकलांग व्यक्तियों का पुनर्वास' पर उत्तर-पूर्व महासभा आयोजित की। माननीय मंत्री श्री पोरिका बलराम नायक, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार, मुख्य अतिथि रहे। और श्री अकोन बोरा, जेल और समाज कल्याण मंत्री, असम सरकार विशिष्ट अतिथि रहे।

- श्री प्रसन्न कुमार पिंचा, मुख्य आयुक्त, विकलांग व्यक्तियों के मुख्य आयुक्त का कार्यालय, नई दिल्ली, ने 6 अक्तूबर, 2013 को एनआईईपीएमडी का निरीक्षण किया।

- अशक्तता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, एनआईईपीएमडी तथा वी केयर फिल्म फेस्ट के सम्मिलित तत्वावधान में 26 और 27 अक्तूबर, 2013 को सिक्किम सरकारी महाविद्यालय, गैंगटोक में विकलांगों पर फिल्में दिखायी गयीं। श्री टी.आर. सुब्बा, कुलपति, सिक्किम विश्वविद्यालय, मुख्य अतिथि रहे। श्रीमती टी. रेवती, अध्यक्षा, ठाकुर हरिप्रसाद संस्थान, हैदराबाद, विशिष्ट अतिथि थीं। इन दिनों में विभिन्न अशक्तता पर आधारित समस्याओं की 27 फिल्में दिखायी गयीं।

- श्री अवनिश के अवस्थी, सह सचिव, डीडीए, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार, ने 9 नवंबर, 2013 को यहाँ भ्रमण किया। उन्होंने बहु विकलांग व्यक्तियों को दी जानेवाली विभिन्न सेवाओं और कार्यकलापों का निरीक्षण किया।

- एनआईईपीएमडी ने 27 और 28 नवंबर, 2013 को सिरी फोर्ट, नई दिल्ली में "विकलांग व्यक्तियों के पुनर्वास : उत्तम प्रयोग और पुनर्वास के नमूने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। श्रीमती स्तुति कक्कड़, सचिव, डीडीए, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार, मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने 27 नवंबर 2013 सुबह 10 बजे सम्मेलन का उद्घाटन किया। श्री अवनिश के अवस्थी, सह सचिव, डीडीए, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि थे।

- एनआईईपीएमडी द्वारा विकलांग व्यक्तियों का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। विभिन्न कल्याण कार्यकलापों और कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। उत्सव के एक भाग के रूप में एनआईईपीएमडी ने विकलांग व्यक्तियों, अभिभावकों, कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों के लिए 26 से 29 नवंबर 2013 तक खेल-कूद कार्यक्रमों का आयोजन किया। एनआईईपीएमडी ने विकलांग व्यक्तियों और छात्रों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। खेल-कूद के विजेताओं को पुरस्कार और पदक दिये गये। आय प्रजनन कार्यक्रम के अधीन योग्य लाभभोगियों को सिलाई की मशीनें वितरित की गयीं।

- एनआईईपीएमडी ने अपने कार्यालय में दिनांक 26 फरवरी 2014 को पुदुवाषवु परियोजना के समुदाय अशक्तता सुविधाभोक्ताओं के लिए "अशक्तता की यथासमय पहचान, हस्तक्षेप और रोकथाम" पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कडलूर, तिरुवळ्ळूर, चेन्नै और काँचीपुरम जिले के विकलांग लाभार्थियों ने भाग लिया। श्री पी.एन. श्रीनिवास, मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन, लिमिटेड, चेन्नै मुख्य अतिथि रहे। डॉ. रेणुका श्रीधर, अतिरिक्त सीएमएस (जीडीएमओ) और श्री ए. महेन्द्रन, जनरल काउन्सिल के सदस्य, एनआईईपीएमडी विशिष्ट अतिथि थे।

- एनआईईपीएमडी ने 14 से 16 फरवरी 2014 को एनआईईपीएमडी, तमिलनाडु शरीरशिक्षा और खेलकूद विश्वविद्यालय, चेन्नै के तत्वावधान में 'राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता' चलायी।

उक्त समारोह में डॉ. जे.ए. बेंजमिन, प्रधान सचिव, एसआईवीयूएस इंडिया और डॉ. एम.एस. नागराजन, वरिष्ठ प्रबंधक, विशेष ओलिम्पिक्स, एशिया पसिफिक क्षेत्र मुख्य अतिथि रहे।

- एनआईईपीएमडी ने वारांगल, आन्ध्र प्रदेश में 28 फरवरी से 1 मार्च 2014 तक "बहु विकलांग : पहचान, हस्तक्षेप, प्रबंधन और पुनर्वास" पर प्रान्तीय स्तर की कार्यशाला चलायी। श्री जी. किशन, आईएएस, जिला कलेक्टर और मैजिस्ट्रेट, वारांगल, उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उक्त अवसर पर डॉ. रामचन्दर दरक, प्राचार्य, काकातीया मेडिकल कॉलेज, वारांगल और प्रो. पी. जयचन्द्रन, विजय मानव सेवाएँ, चेन्नै, विशिष्ट अतिथि रहे।

- एनआईईपीएमडी तथा एनआईएचएच के सम्मिलित तत्वावधान में शिलांग, मेघालय में 14 एवं 15 मार्च 2014 को श्रवण क्षतियुक्त व्यक्ति और अतिरिक्त विकलांग–उत्तम प्रयोग और पुनर्वास के 'नमूने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य' विषय पर उत्तर पूर्व सम्मेलन का आयोजन किया।

अध्याय 1

प्रस्तावना

भारत सरकार के अशक्तता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा विकलांग व्यक्तियों के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयत्न किये गये। देश के विभिन्न भागों में विभिन्न प्रकार के विकलांगों के लिए सात राष्ट्रीय संस्थानों का निर्माण किया गया और उनके क्षेत्रीय तथा संयुक्त केन्द्र भी खोले गये। विकलांग व्यक्तियों के उचित पुनर्वास सुनिश्चित करना तथा उन्हें भी समाज की मूलधारा में लाकर, उन्हें समाज के सक्रिय सदस्य बनाना ही इन राष्ट्रीय संस्थानों का मुख्य लक्ष्य है। यह प्रयत्न राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के कार्यों, नीतियों और विधानों से सीधा संबंध रखता है।

जैसा मालुम है कि विकलांग व्यक्तियों के लिए और हमारे देश में विकलांग व्यक्तियों के अधिकार के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अधिनियमन के लिए राष्ट्रीय नीति 2006 ने भारत में विकलांग व्यक्तियों के पुनर्वास की विकास-प्रक्रिया को एक नया आकार दिया है। विकलांग व्यक्तियों की राष्ट्रीय नीति ने अशक्तता और पुनर्वास के क्षेत्र में सेवा प्रदान करने के परोपकार या कल्याण पर आधारित माडल के स्थान पर अधिकार आधारित माडल के दृश्य-लेख को बदल दिया है। यूएनसीआरपीडी ने भी इसके अन्तर्निहित गौरव को मान्यता दी है और सभी विकलांग व्यक्तियों के मानवाधिकार को बढ़ावा देने तथा उसकी रक्षा करने की आवश्यकता पर मान्यता दी है। इसमें विकलांग व्यक्ति जिनको अधिक गहन अवलंब की आवश्यकता है, वे भी शामिल हैं। ऐसे कार्यों ने विकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता से संबंधित तीन अधिनियमों के अध्यादेश जैसे भारत की पुनर्वास परिषद् – 1992, विकलांग जन अधिनियम (समान मौके) अधिकारों की रक्षा, और पूर्ण सहभागिता) – 1995 और राष्ट्रीय ट्रस्ट अधिनियम 1995 (मानसिक मंदन, बहु विकलांगताएँ प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात और आत्म विमोह) विकलांग व्यक्तियों और उनके परिवारों के अधिकारों की प्रत्याभूति में मुख्य विशिष्टताएँ मानी गयी है। देशभर में विभिन्न विकलांगों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय संस्थानों का निर्माण मंत्रालय के स्तुत्य कदम हैं। पीडबल्युडी अधिनियम 1995 और राष्ट्रीय ट्रस्ट अधिनियम 1999 में निर्दिष्ट अशक्तताओं के अनुसार उनकी पूर्ति एनआईवीएच, एनआईएमहेच, एनआईएचएच, एनआईओएच, पीडीयूआईपीएच एवं एनआईआरटीएआर नामक छः राष्ट्रीय संस्थानों द्वारा की गयी है। बहु विकलांग व्यक्तियों की सेवाएँ इसमें शामिल नहीं हैं। अतः, 2005 में, मंत्रालय ने बहु विकलांग व्यक्तियों को शक्ति प्रदान करने के विचार से एक राष्ट्रीय संस्थान निर्मित करने का विचार किया और इस प्रकार बहु विकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता के लिए एक राष्ट्रीय संस्थान देश

के दक्षिण भाग, चेन्नै में निर्मित हुआ। 2005 में इसके अस्तित्व से लेकर, एक या बहु विकलांग व्यक्तियों की सेवाएँ एनआईईपीएमडी में बाहरी रोगियों के रूप में, बहु विभागीय टीम मॉडल द्वारा प्रदान की जा रही हैं। कुटीर-सेवाएँ और विस्तार सेवाएँ भी दी जा रही हैं।

भारत की जनगणना 2011 ने आठ प्रकार के विकलांगों पर, पहली बार बहु विकलांगों के प्रचलन का चित्र प्रस्तुत किया और समाज के इस वर्ग के लिए पुनर्वास की विभिन्न सेवाओं की योजना बनाने में एनआईईपीएमडी को मार्गदर्शन भी किया। विकलांगता पर जनगणना के आंकडे 2011 ने यह दिखाया कि भारत में 2.68 करोड़ व्यक्ति विकलांग से पीडित हैं, जो पूरी आबादी में 2.21% से संघटित है, जिसमें से 21.16 लाख लोग बहु विकलांगों के वर्ग के हैं। विकलांगी व्यक्तियों के सभी मानवाधिकार सुनिश्चित करने निमित्त, विशेषकर, जिन बहु अशक्तताओं के व्यक्तियों को गहन सहयोग की आवश्यकता है, एनआईईपीएमडी ने 2013-14 वर्ष में काफी विस्तार से काम किया। एनआईईपीएमडी और उसके विस्तार केन्द्रों में 7548 आश्रितों ने पंजीकृत कर लिया। करीब 2140 व्यक्ति बहु विकलांगता से ग्रस्ति थे। और 5408 व्यक्ति एक विकलांगता से ग्रस्ति थे, जिन्हनें पंजीकृत कर लिया था। 42086 लाभार्थियों ने एनआईईपीएमडी और उसके विस्तार केन्द्रों से विभिन्न प्रकार के पुनर्वास की सेवाएँ प्राप्त कीं। उन लाभार्थियों में से 27,185 व्यक्ति बहुविकलांग से ग्रस्ति थे और बाकी 14901 व्यक्ति एकल विकलांगता के थे। चूँकि एनआईईपीएमडी विकलांग व्यक्तियों के पंजीकरण में शून्य प्रतिशत अस्वीकरण की नीति अपनाता है, सभी प्रकार की विकलांगताओं से ग्रस्ति व्यक्तियों को पंजीकृत करा लिया गया है। प्रधान मंत्री राष्ट्रीय परिषद् के कुशलता विकास कार्यक्रम द्वारा देश के 956 प्रशिक्षक विभिन्न प्रकार के कार्यों में प्रशिक्षण लेकर लाभान्वित हुए।

एनआईईपीएमडी बहु विकलांग व्यक्तियों के लिए एक राष्ट्रीय केन्द्र है, जो बहु विकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता के लिए मानवशक्ति के विकास के निमित्त पाठ्यक्रम के विकास पर संकेन्द्रित करता है दीर्घकालीन और अल्पकालीन पाठ्यक्रम चलाता है। 2013-14 के शैक्षिक वर्ष के दौरान, एनआईईपीएमडी में एक एम.फिल., दो स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एक डिग्री और तीन डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाये गये। शैक्षिक वर्ष 2011-12 से एनआईईपीएमडी में दिये जानेवाले विशेष शिक्षा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम की कालावधि एक वर्ष से दो वर्ष की बढ़ा दी गयी। मानवशक्ति विकास के स्तर की वृद्धि करने के लिए, एनआईईपीएमडी ने अगले शैक्षिक वर्ष 2014-15 में व्यावसायिक चिकित्सा विज्ञान में स्नातक डिग्री प्रस्तावित की है। 2013-14 के दौरान, इस संस्थान ने 254 अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जिनमें पुनर्वास, दिग्विन्यास और बोध के पेशवरों के लिए तथा अभिभावकों, शिक्षकों और विकलांगहीन

छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये। कुल 9860 प्रतिभागी लाभान्वित हुए। राष्ट्रीय विकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान (एनआईईपीएमडी) ने विभिन्न स्थानों पर शिबिर चलाये और भारत सरकार की एडीआईपी योजना के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रों का आयोजन किया और इस प्रस्तुत 2013-14 वर्ष के दौरान 1922 अशक्ततायुक्त व्यक्तियों के लिए 2390 साधन और उपकरण दिये गये।

एनआईईपीएमडी, सेन्स इण्टरनेशनल (भारत) और पेर्किन्स इण्टरनेशनल, यूएसए, के सम्मिलित तत्वावधान में "श्रवणक्षति-बधिरांध बच्चों के संचार-निर्धारण पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण "विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम 1-3 अगस्त 2013 को एनआईईपीएमडी, चेन्नै में आयोजिति किया गया। श्री शिवशंकरन, आई.ए.एस., सचिव, असमान समर्थों का कल्याण विभाग, तमिलनाडु सरकार मुख्य अतिथि रहे। श्रवण क्षति और अंधता के लगभग 35 वरिष्ठ पेशेवर और परामर्शदाताओं ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। "परिवार" ने बुद्धिजीवी और विकासशील अशक्तताओं पर 7-8 अगस्त 2013 को एनआईईपीएमडी में चेन्नै राउण्ड टेबल सम्मेलन 2013 का आयोजन किया। माननीय मंत्री श्रीमती पी. वळरमति, समाज कल्याण और पौष्टिक भोजन कार्यक्रम विभाग, तमिलनाडु सरकार मुख्य अतिथि थीं। इस कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री महोदया ने एनआईईपीएमडी के सभी सेवा कार्यकलापों का निरीक्षण किया।

इस वर्ष में एनआईईपीएमडी और विकलांगता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, ने मिलकर विशेषकर उत्तरी-पूर्व प्रान्तों के लिए "बहु विकलांग व्यक्तियों का पुनर्वास" पर उत्तर-पूर्व सम्मेलन गुवाहाटी में 27 एवं 28 सितंबर 2013 को सफलतापूर्वक चलाया। भूतपूर्व राज्य मंत्री पोरिका बलराम नाइक, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार तत्कालीन मुख्य अतिथि रहे और श्री अकोन बोरा, जेल और समाज कल्याण के मंत्री, असाम सरकार विशिष्ट अतिथि थे। एनआईईपीएमडी और इण्डियन स्कूल साइकॉलोजी एसोसिएशन (आईएनएसपीए) के संयुक्त तत्वावधान में "बहुविकलांग व्यक्तियों को पाठशाला मनोविज्ञान सेवाएँ" पर तीसरा आईएनएसपीए का राष्ट्रीय सम्मेलन एनआईईपीएमडी में 22 से 24 नवंबर, 2013 तक आयोजित किया। श्री पी. राजवेलु, पर्यटन और समाज कल्याण मंत्री, पुदुच्चेरी मुख्य अतिथि रहे और 22 नवंबर 2013 को सम्मेलन का उद्घाटन किया। एनआईईपीएमडी ने "बहु विकलांग व्यक्तियों का पुनर्वास – उत्तम प्रक्रियाएँ और पुनर्वास के मॉडल – राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य" पर सिरि फोर्ट, नई दिल्ली में 27 एवं 28 नवंबर, 2013 को एक राष्ट्रीय सम्मेलन चलाया। श्रीमती स्तुति कक्कड, सचिव, डीडीए, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार मुख्य अतिथि रहीं और 27 नवंबर 2013 के सुबह 10 बजे सम्मेलन का उद्घाटन किया। श्री अवनिश के

अवस्थी, सह सचिव, डीडीए, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि थे। लगभग 230 प्रतिभागियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

'बहु विकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता के लिए राष्ट्रीय संस्थान की भूमिका' पर सलाहकार समिति की बैठक 18 दिसंबर 2013 को समिति रूम 'सी' संसद भवन अनेक्स, नई दिल्ली में हुई। उस समय की सम्माननीय मंत्री कुमारी शेल्जा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने अध्यक्षासन ग्रहण किया। उस समय के माननीय राज्य मंत्री श्री पोरिका बलराम नाइक, श्री माणिकराव होडलिया गविट, लोक सभा के सांसद, राज्य सभा के सांसद, श्रीमती स्तुति कक्कड़, सचिव, डीडीए, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार और श्री अवनिश के अवस्थी, सह सचिव, डीडीए, एमएसजे एवं ई, भारत सरकार आदि उसमें उपस्थित थे।

आईएएस प्रशिक्षणार्थी अधिकारी के संस्थानगत अनुरक्ति कार्यक्रम के अंग के रूप में लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन अकादमी, मुसौरी, देहरादून से 18 आईएएस अधिकारी एनआईईपीएमडी में 17 से 19 जनवरी 2014 तक सस्थानगत अनुरक्ति भ्रमण पर आये। एनआईईपीएमडी ने 14 से 16 फरवरी 2014 तक एनआईईपीएमडी, तमिलनाडु फिसिकल एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी, चेन्नै में विशेष शिक्षा प्रशिक्षणार्थियों के लिए राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता चलायी। डॉ. जे.ए. बेन्जमिन, महा सचिव, एसआईवीयूएस, भारत और डॉ. एम.एस. नागराजन, वरिष्ठ प्रबंधक, विशेष ओलिम्पिक्स, एशिया पासिफिक क्षेत्र, उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि रहे।

जापानी मस्तिष्क शोथ और विकट मस्तिष्क ज्वर संलक्षण के कारण बहुअशक्तताओं की उच्च प्रचलन दर को मानते हुए एनआईईपीएमडी ने गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में विकलांग व्यक्तियों के लिए संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा अपने कार्यकलाप आरंभ किये। यह केन्द्र श्री जे.पी. गुप्ता, आई.ए.एस., आयुक्त, गोरखपुर प्रभाग द्वारा 18 फरवरी 2014 को उद्घाटित किया गया।

एनआईईपीएमडी की सेवाएँ **'गर्भ से मृत्यु तक'** की हैं। हमारी शुरूआत् की हस्तक्षेप इकाई द्वारा इलाज किये गये सबसे छोटा शिशु 9 दिन का था और सबसे बूढ़े छिन्नांग आश्रित की उम्र 96 की थी। बहु विकलांगों का संस्थान होने के कारण, कई तंत्रिका वैज्ञानिक की बिगड़ती अवस्थाओं, बहु चुनौतियों विरले संलक्षणों ने हमारे हर विभाग को पूर्ण रूप से सोचने को विवश किया है और उचित पुनर्वास नीतियाँ प्रावधान करने को बाध्य किया है। इन सेवाओं के दौरान जिनका देहान्त हुआ, निदेशक और कर्मचारी शोक भी व्यक्त करते हैं तथा संताप और शोक संबंधी परामर्श प्रदान करते हैं– सचमुच एक 'गर्भ से कब्र तक' की सेवा है।

अध्याय 2
संगठनात्मक संरचना

राष्ट्रीय बहु विकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान एक स्वायत्त संस्था है जो सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमएसजे एवं ई), भारत सरकार के अधीन तमिलनाडु समाज पंजीकरण अधिनियम 1975 (1975 का तमिलनाडु अधिनियम 27) के अन्दर पंजीकृत है जिसकी पंजीकरण संख्या : 59/2006 दिनांक 23 अक्तूबर, 2006 है।

सचिव, एमएसजे एंव ई आम परिषद् (जिसी) के अध्यक्ष हैं और सहसचिव (अशक्तता प्रभाग) कार्यकारिणी समिति (ईसी) के अध्यक्ष हैं। निदेशक, एनआईईपीएमडी, जीसी और ईसी के मार्गदर्शन के अन्दर संस्थान के कार्यकलापों को कार्यान्वित करते हैं।

2.1 सामान्य परिषद् : यह परिषद् इस संस्थान के समूचे प्रबंधन का मार्गदर्शन करती है और मॉनिटर करती है। इस प्रतिवेदित कालावधि के दौरान यह परिषद् सम्मेलन कक्ष, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली में 5 दिसंबर 2013 को मिली। सदस्यों का विवरण निम्नलिखित है।

सारणी 1 : जीसी के सदस्यों की सूची

क्र.सं.	नाम	क्र.सं.	नाम
01	सचिव, डीडीए, एमएसजे&ई, भारत सरकार (अध्यक्ष)	12	डॉ. कल्याण कृष्णन, आईआईटी, चेन्नै (सदस्य)
02	सुश्री पूनम नटराजन, (सदस्य), राष्ट्रीय ट्रस्ट	13	डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, निदेशक, आम स्वास्थ्य सेवाएँ, एमएचएफडब्ल्यु (सदस्य)
03	मेजर जनरल इयान कार्डोज़ो, आरसीआई (सदस्य)	14	प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, तमिलनाडु सरकार (सदस्य)
04	सह सचिव, डीडीए, एमएसजे&ई, भारत सरकार (सदस्य)	15	प्रधान सचिव & निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएँ, तमिलनाडु सरकार (सदस्य)
05	सह सचिव & वित्तीय सलाहकार, एमएसजे&ई (सदस्य)	16	सह सचिव, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (सदस्य)
06	नियोजन & प्रशिक्षण के महा निदेशक (सदस्य)	17	निदेशक, एओईजेएनआईएचएच (सदस्य)
07	श्री अमिताभ मेहरोत्रा (सदस्य)	18	निदेशक, एनआईएमएच (सदस्य)
08	डॉ. एस.एस. बद्रीनाथ, शंकर नेत्रालय (सदस्य)	19	निदेशक, एनआईवीएच (सदस्य)
09	श्री ए. बालराज (सदस्य)	20	निदेशक, एनआईओएच (सदस्य)
10	सुश्री नन्दिता गुरजार, इन्फोसिस (सदस्य)	21	डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी, (सदस्य सचिव)
11	श्री एन. थामस एनगल्ली (सदस्य)		

सामान्य परिषद् की भूमिका और क्रियाएँ :

i. वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार करना।
ii. पिछले वर्ष के तुलनात्मक और लेखापरीक्षित लेखा पर विचार करना।
iii. अनुवर्ती वर्ष के वार्षिक प्रस्तावों की प्राप्ति और विचार।
iv. ऐसे अन्य मामले या वे मामले जिनका अध्यक्ष निर्देश करें।

v. सामान्य परिषद् के अध्यक्ष सभी बैठकों की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे और अन्य मामले के संबंध में अपने विचार पर ध्यान देने की कार्यकारिणी समिति को प्रस्तावित करेंगे; जिनपर विचार करना आवश्यक हो।

2.2 कार्यकारिणी समिति : कार्यकारिणी समिति संस्थान के मामलों के प्रबन्धन और प्रशासन का उत्तरदायित्व रखती है। जनरल परिषद के सामान्य नियंत्रण और निर्देशन के अधीन आती है। उसको दिये गये अन्य कार्य हैं :

i. संस्थान के प्रयोजन के लिए विशाल नीति बनाकर उसका कार्यान्वयन करना।

ii. बजट आकलन का पुनरीक्षण करके संस्तुति करना।

iii. वित्तीय उपविधियों में निर्धारित व्यय पर अनुमोदन करना।

iv. समयोचित शर्तों और निबन्धों पर उधार लेना।

v. पदों को बनाना और कर्मचारियों को भर्ती करना तथा नियुक्त करना।

इस नियत काल में परिषद् 09.07.'13, 09.11.13 और 13.02.14 को मिली। सदस्यों का विवरण निम्नलिखित है:

सारणी 2 : ईसी के सदस्यों की सूची

क्र.सं.	नाम	क्र.सं.	नाम
1.	सह सचिव, डीडीए, एमएसजे&ई, भारत सरकार (अध्यक्ष)	03	उप सचिव, (एनएलएस&डीडी-I), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (सदस्य)
02	सह सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार (सदस्य)	04	डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी, (सदस्य सचिव)

2.3 शैक्षिक समिति :

शैक्षिक समिति संस्थान द्वारा लिये जानेवाले प्रशिक्षण, अनुसंधान और पुनर्वास कार्यक्रमों पर सलाह और मार्गदर्शन देती है। समिति के अध्यक्ष डॉ. रत्ना, तत्कालीन निदेशक, एआईआईएसएच और पुनर्निर्माण के क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञ होंगे। समिति के सदस्यों की बनावट नीचे दी गयी है।

सारणी 3 : समिति के सदस्यों की सूची

क्र.सं.	नाम	क्र.सं.	नाम
01	डॉ. रत्ना, तत्कालीन निर्देशक, एआईआई एसएच (अध्यक्ष)	07	डॉ. करुणानिधि, विभागाध्यक्ष (मनोविज्ञान), मद्रास विश्वविद्यालय (सदस्य)
02	डॉ. ए.के. मित्तल, तत्कालीन क्षेत्रीय निर्देशक, एनआईवीएच, (सदस्य)	08	प्रो. रूप नागराजा, विभागाध्यक्ष, वाणी व श्रवण विभाग, रामचन्द्र मेडिकल कॉलेज (सदस्य)
03	प्रो. पी. जयचन्द्रन, निदेशक, विजय मानव सेवाएँ, (सदस्य)	09	डॉ. पुरुषोत्तम, फ्रीलन्स साइकोलिंग्विस्टिक्स (सदस्य)
04	डॉ. विजयलक्ष्मी रेड्डी, प्रवक्ता, विशेष शिक्षा, एनआईएमएच, (सदस्य)	10	प्रो. रंगस्वामी, प्राचार्य और समन्वयक, स्वीकार–उपकार पुनर्निर्माण संस्थान (सदस्य)
05	श्री अखिलपाल, निदेशक, सेन्स इण्टरनेशनल, (सदस्य)	11	डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक, एनआईईपीएमडी, (संयोजक)
06	सिस्टर (डॉ.) रीटा मेरी, गाइडन्स होम फॉर दि अडल्ट डेफ गर्ल्स, (सदस्य)		

अध्याय 3

मानव संसाधन विकास

एनआईईपीएमडी बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए काम करनेवाला एक राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र है, जो बहुविकलांग व्यक्तियों की अधिकारिता के लिए मानवशक्ति का विकास करने, दीर्घकालीन और अल्पकालीन पाठ्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के विकास पर अधिक ध्यान देता है। वर्ष 2013-14 के दौरान एनआईईपीएमडी ने एक एम.फिल., दो स्नातकोत्तर डिप्लोमा, एक स्नातक और तीन डिप्लोमा, पाठ्यक्रम चलाये गये। वर्ष 2011-12 शैक्षिक से एनआईईपीएमडी में चलाये जा रहे विशेष शिक्षा के सारे डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की कालावधि का समय एक वर्ष से 2 वर्ष के कर दिया गया।

मानवशक्ति के विकास का स्तर बढ़ाने हेतु एनआईईपीएमडी ने वर्ष 2014-15 शैक्षिक से व्यावसायिक चिकित्सा विज्ञान आकुपेशनल थेरेपी में स्नातक डिग्री चलाने का प्रस्ताव किया है। तमिलनाडु डॉ. एम.जी.आर. मेडिकल विश्वविद्यालय के संबद्ध के लिए आवेदन किया गया है।

3.1 दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम :

बहु विकलांग व्यक्तियों की माँगों की पूर्ति के लिए निम्नलिखित दीर्घकालीन पाठ्यक्रम एनआईईपीएमडी में वर्ष 2013-14 शैक्षिक में चलाये जा रहे हैं।

सारणी 4 : दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	कालावधि	अनुमोदित भर्ती	प्राप्त आवेदनों की संख्या	भर्ती किये गये छात्रों की संख्या	उत्तीर्ण/सफलता छात्रों की संख्या %
1	एम.फिल. (क्लीनिकल साइकालोजी)	02 वर्ष	04	15	04	अगस्त 2014 में एक वर्ष की परीक्षा देंगे।
2	एर्ली इण्टरवेन्शन स्नातकोत्तर डिप्लोमा	01 वर्ष	10	12	05	जून 2014 में अंतिम वर्ष की परीक्षा देंगे।
3	डेवेलप्मेण्टल थेरापी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	01 वर्ष + तीन महीने की स्थान-बद्धता	10		03	जून 2014 में अंतिम वर्ष की परीक्षा देंगे।
		मद्रास विश्वविद्यालय से संबद्ध				
4	विशेष शिक्षा (स्पेशल एजुकेशन) में स्नातक (बहुअशक्तताएँ)	1 वर्ष	20	40	20	मई/जून 2014 में अंतिम परीक्षा देंगे।
		तमिलनाडु शिक्षक शिक्षा विश्वविद्यालय से संबद्ध				
5	विशेष शिक्षा में डिप्लोमा (आटिसम स्पेक्ट्रम अव्यवस्था) डिस आर्डर	2 वर्ष	31		18	जून 2014 में अंतिम परीक्षा देंगे।

	आत्म विमोह वर्णक्रम अव्यवस्था					
6	विशेष शिक्षा में डिप्लोमा प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात (सेरिब्रल पाल्सी)	2 वर्ष	31	61	14	जून 2014 में अंतिम परीक्षा देंगे।
7	(डेफब्लैंड) श्रवणक्षतिअंधता विशेष शिक्षा में डिप्लोमा	2 वर्ष	31		नहीं	------

प्रवेश प्रक्रिया :

शैक्षिक वर्ष 2013-14 के दौरान, एम.फिल. (क्लीनिकल साइकालोजी), पीजीडीडीटी, पीजीडीई, बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी) के लिए प्रवेश विज्ञप्ति दि हिन्दू एवं दिनत्तंती जैसे राष्ट्रीय समाचार पत्रों में दी गयी और एनआईईपीएमडी वेबसाइट में भी चढ़ायी गयी। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रवेश के लिए आरसीआई, नई दिल्ली ने ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा चलायी। पर छात्रों की ओर उसका उतना स्वागत नहीं हुआ। केवल तीन छात्र भर्ती हुए। आरसीआई, नई दिल्ली, ने वर्ष 2013-14 के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए पुरानी पद्धति से छात्रों को भर्ती करने की अनुमति दी। अतः फिर से 25.08.2013 एवं 08.09.2013 में प्रवेश विज्ञप्ति जारी की गयी। प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करने के बाद बी.एड. – विशेष शिक्षा (एमडी) के लिए छात्रों को 14.08.2013 को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए 05.09.2013 को बुलाया गया। अस्थायी रूप से चयनित छात्रों को 19 अगस्त 2013 से पहले प्रवेश करने का अनुदेश दिया गया।

बी.एड् विशेष शिक्षा (एमडी) प्रशिक्षणार्थी कक्षा के कार्यक्रमों

डिप्लोमा प्रशिक्षणार्थी सत्र की परीक्षाएँ दे रहे हैं।

एम.फिल. (क्लीनिकल साइकालोजी) के लिए, प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गयी और योग्य छात्रों को 17.10.2013 को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। लिखित परीक्षा देनेवाले ग्यारह छात्रों में से आठ प्रत्याशियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। समिति ने वर्ष 2013-15 शैक्षिक के लिए एम.फिल. (क्लीनिकल साइकॉलोजी) में प्रवेश पाने के लिए चार

प्रत्याशियों की सिफारिश की। अस्थायी रूप से चयनित छात्रों को 10 अक्तूबर, 2013 तक प्रवेश करने का अनुदेश दिया गया।

सारणी 5 : स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए मापदण्ड

योग्य परीक्षा में प्राप्तांक	60 अंक
ग्राम्य	05 अंक
उच्चतर योग्यता	05 अंक
अनुभव (न्यूनतम 2 वर्ष)	05 अंक
पीडबल्यूडी के अभिभावक/सहोदर/बच्चे	05 अंक
साक्षात्कार	20 अंक
कुल	**100 अंक**

एम.फिल. (क्लीनिकल साइकालोजी) : स्नोतकोत्तर डिग्री, प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार में प्राप्त औसत अंक।

सीट आरक्षण :

भारत सरकार की नीति के अनुसार डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए हर संवर्ग में सीटों का आरक्षण अपनाया गया तथा एम.फिल. (क्लीनिकल साइकालोजी), बी.एड. विशेष शिक्षा (एम.डी.) और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए मद्रास विश्वविद्यालय के मानदण्ड अपनाये गये।

छात्रों के चयन के लिए नामसूची सदस्य :

एम.फिल. (क्लीनिकल साइकालोजी), स्नातकोत्तर डिप्लोमा और डिप्लोमा पाठ्यक्रम।

1. डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक – एनआईईपीएमडी
2. प्रो. बालकृष्णन, क्षेत्र विशेषज्ञ
3. डॉ. भासी, क्षेत्र विशेषज्ञ
4. श्री एस. शंकर नारायणन, उप कुलसचिव (प्रशासन)
5. श्री पी. कामराज, प्रवक्ता (विशेष शिक्षा)

बी.एड. - विशेष शिक्षा (एमडी) :

1. डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन, निदेशक – एनआईईपीएमडी
2. डॉ. विजय शंकर शर्मा, सह प्राध्यापक (विशेष शिक्षा)
3. श्री पी. कामराज, प्रवक्ता (विशेष शिक्षा)

स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम :

1. डॉ. एम.के. टोमी, सह प्राध्यापक (पीएमआर)
2. डॉ. जे. विजयलक्ष्मी, प्रवक्ता (चिकित्सा विज्ञान)
3. श्री बी.एस. सन्तोष कन्ना, प्रवक्ता (पीटी)

भारतीय पुनर्वास परिषद्, नई दिल्ली, ने केन्द्रीय शिक्षा संस्थान (प्रवेश में आरक्षण) अधिनियम 2006 के कार्यान्वयन के अनुसार, हर डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम में 25 छात्रों को भर्ती कराने की

स्वीकृति दी है, जिसमें 2011-12 वर्ष में सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में मौजूदा अनारक्षित सीटों में परिवर्तन न करके, अतिरिक्त 6 सीटें जोड़ी गयी हैं। इसके लिए आरसीआई से अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है।

सारणी 6 : भर्ती वितरण

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम	डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में संस्वीकृत भर्ती	एससी	एसटी	पीएच	ओबीसी	अनारक्षित	कुल भरी गयी सीट
1.	डी.एड. विशेष शिक्षा (सीपी)	25+6	04	02	01	6+6	12	14
2.	डी.एड. विशेष शिक्षा (सीपी)	25+6	04	02	01	6+6	12	नहीं
3.	डी.एड. विशेष शिक्षा (सीपी)	25+6	04	02	01	6+6	12	18

एम.फिल. (क्लीनिकल साइकालोजी) और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम मद्रास विश्वविद्यालय से संबंद्ध करा दिये गये हैं। बी.एड. – विशेष शिक्षा (विकलांग) तमिलनाडु शिक्षक शिक्षा विश्वविद्यालय से संबंद्ध करा दिया गया है। एनआईईपीएमडी द्वारा चलाये जानेवाले पाठ्यक्रमों को भारतीय पुनर्निर्माण परिषद् ने मान्यता दी है।

सारणी 7 : आरक्षण

कोर्स	एससी	एसटी	एमबीसी/ डीएनसी	बीसी	यूआर	भर्ती हुई सीटें
एम.फिल. (क्लीनिकल साइकालोजी)	01	–	01	01	01	04
बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी)	03	01	04	06	06	20
पीजीडीडीटी (एमडी:पी&एन)	01	01	02	03	03	03
पीजीडीईआई	01	01	02	03	03	05

सारणी 8 : 2013-14 वर्ष के लिए शुल्क और अन्य अमानत

विवरण	एम.फिल. (क्लीनि-कल साइकालोजी)		बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी (₹)	पी.जी. डिप्लोमा	डी.एड.-विशेष शिक्षा एएसडी/(सीपी)/ (डीबी) (₹)	
	प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष			प्रथम वर्ष	द्वितीय वर्ष
शिक्षण शुल्क	20000	20000	10000	10000	5000	5000
प्रयोगशाला शुल्क	30000	30000	12600	5500	0	0
छात्रों के कार्यकलाप/ सांस्कृतिक/मनोरंजन	0	0	2500	1000	2500	2500
जमानती रुपया (प्रत्यर्पणीय)	2000	0	500	2000	500	0
हैण्डआऊट्स/उपकरण/ पंचाग शुल्क	8000	8000	11600	1000	500	1000
सत्र मध्य/लेखन सामग्री शुल्क	1000	1000	500	200	200	250

चिकित्सा परीक्षण शुल्क	250	250	250	250	250	250
पहचान पत्र शुल्क	50	0	50	50	50	0
पुस्तकालय शुल्क	4000	4000	2000	0	1000	1000
कुल	65300	63250	40000	20000	10000	10000
परीक्षा शुल्क	विश्वविद्यालय के मापदण्डों के अनुसार					

एनआईईपीएमडी में असमान क्षमतायुक्त छात्रों और विशेष मांगोंवाले बच्चों के अभिभावकों को डिप्लोमा और डिग्री पाठ्यक्रम सीखने का मौका दिया गया। असमान क्षमतायुक्त छात्रों के लिए विभिन्न उपकरण और अलग सहायता के प्रावधान किये गये हैं। वर्ष 2013-14 में निम्नांकित असमान क्षमतायुक्त छात्र भर्ती किये गये :

सारणी 9 : असमान क्षमतायुक्त छात्रों की सूची

क्र.सं.	छात्र का नाम	पढा गया पाठ्यक्रम	संवर्ग
1	शक्ति आर.	बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी)	विकलांग अक्षमता
2	मुडे देवन्द्र नाइक	डी.एड. विशेष शिक्षा (एएसडी)	विकलांग अक्षमता
3	मार्नेनी माधवी	डी.एड. विशेष शिक्षा (सीपी)	विकलांग अक्षमता

विशेष माँगोंवाले बच्चों के अभिभावकों को दीर्घकालीन पाठ्यक्रम करने का मौका दिया गया ताकि अपने बच्चों की देखभाल वे स्वयं करें और साथ ही समाज की सेवा करें। वर्ष 2013-14 में जो अभिभावक दीर्घकालीन पाठ्यक्रम में भर्ती हुए उसका विवरण नीचे दिया गया है:

सारणी 10:पीडबल्यूडी का अभिभावक जो दीर्घकालीन कार्यक्रम में भर्ती हुए, उसका विवरण

क्र.सं.	छात्र का नाम	पढा गया पाठ्यक्रम	बच्चे की असमान क्षमता/ परिवार के सदस्य
1	शक्ति आर.	बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी)	अंधता का बच्चा

सारणी 11 : छात्रवृत्ति विवरण : निम्नलिखित छात्रों को छात्रवृत्ति की सिफारिश की गयी

क्र.सं.	छात्र का नाम	पाठ्यक्रम	सिफारिश का मामला
1	एम. सरवणन	पीजीडीडीटी	केन्द्र क्षेत्र योजना के अन्तर्गत एससी के लिए उच्चतम कक्षा की शिक्षा
2	के. तमिषसेल्वी	बी.एड. विशेष शिक्षा (एमडी)	
3	मुडे देवन्द्र नाइक	डी.एड. विशेष शिक्षा (एएसडी)	एसटी छात्रों के लिए उच्चतम कक्षा की शिक्षा

3.2 अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम:

यह संस्थान लगातार निरंतर पुनर्निर्माण क्रायक्रम (सीआरई), कार्यशालाएँ, सम्मेलन, दिग्विन्यास एवं सुग्राहीकरण जैसे कार्यक्रम चलाता आ रहा है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के अधिकारियों को दिग्विन्यास कराने के रूप में बनाये गये हैं और देश भर में पुनर्निर्माण तथा संबंधित पेशेवरों को ज्ञान का आधुनिकीकरण दिलाने के लिए बनाये गये हैं।

वर्ष 2013-14 के दौरान, संस्थान ने 254 कार्यक्रम चलाये जिनमें पुनर्निर्माण के क्षेत्र में पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, अभिभावकों को दिग्विन्यास एवं ज्ञान बोध कार्यक्रम, शिक्षक और छात्र (सामान्य छात्र) शामिल हैं। कुल 9860 प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

सारणी 12 : वर्ष 2013-14 के दौरान चलाये गये अल्पकाल/दिग्विन्यास/अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.सं.	कार्यक्रम	प्रतिभागियों की संख्या	
		2012-13	2013-14
1	अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम	3101	6930
2	दिग्विन्यास एवं ज्ञानबोध कार्यक्रम	2609	2344
3	अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम	341	586
	कुल	**6054**	**9860**

ऊपर वर्णित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण **परिशिष्ट - 1 में (पृष्ठ सं. i)** पर है।



वर्ष चित्र 1 : अल्पकालीन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थी

एनआईईपीएमडी में चलाया गया
अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रधान मंत्री के राष्ट्रीय परिषद्
कुशलता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम पर कार्यशाला

डॉ. नीरदा चन्द्रमोहन नई दिल्ली में हुए
'बहुअशक्ततायुक्त व्यक्तियों के पुनर्वास पर राष्ट्रीय सम्मेलन' में भाषण देते हुए।

3.3 कार्यशाला/सम्मेलन और संगोष्ठियों में शिक्षकों/अधिकारियों का भाग लेना:

पुनर्वास के क्षेत्र में मानव संसाधन के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाने के अलावा संस्थान एनआईईपीएमडी के शिक्षकों को देश के विभिन्न भागों में चलाये गये विभिन्न सम्मेलनों/कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अपने ज्ञान के आधुनिकीकरण के लिए भाग लेने में उत्साह बढाता है। कार्यशालाओं/सम्मेलनों/संगोष्ठियों में भाग लेनेवालों और प्रपत्र प्रस्तुत करनेवाले शिक्षक सदस्यों की सूची **परिशिष्ट 2 (पृष्ठ सं.XV)** में है।

अध्याय 4

सेवाएँ

सेवाएँ:

बहु विकलांग तथा एकल विकलांग दोनों प्रकार के व्यक्तियों के उचित पुनर्वास का प्रावधान करना और विकलांग आश्रित व्यक्तियों की भी सेवा करना एनआईईपीएमडी के प्रधान कार्यों में एक है। पुनर्वास की सेवाएँ समाज कल्याण विभाग की ओर से सेवा एवं कार्यक्रम अनुभाग द्वारा समन्वित की जाती है।

सेवा एवं कार्यक्रम अनुभाग के दो भाग हैं पंजीकरण और व्यक्तिवृत्त लेनेवाली इकाई। पंजीकरण इकाई व्यक्तियों का पंजीकरण करती है और व्यक्तियों तथा आगंतुकों को संस्थान के बारे में आवश्यक सूचनाएँ देती है। पंजीकरण इकाई बाहर से आनेवाले फोन-काल प्राप्त करती है और आम जनता को फोन द्वारा सुझाव है और अन्य सूचनाएँ भी प्रदान करती है।

स्वागत कक्ष में रोगी का पंजीकरण

व्यक्तिवृत्त लेना

व्यक्तिवृत्त लेनेवाली इकाई का प्रबन्ध पेशवर समाज सेवियों द्वारा किया जाता है जहाँ समाजसेवी व्यक्तियों को तथा उनके परिवार की विस्तृत प्रथम सूचना लेते है, जिसमें प्रसवपूर्व देखरेख, प्रसवोत्तर देखरेख, परिवार का इतिहास, विकासशील इतिहास, लिया गया प्रतिरक्षण, पाठशाला इतिहास और परिवार का गतिविज्ञान शामिल रहते है। यह इकाई एनआईईपीएमडी की शुल्क संरचना के अनुसार पंजीकरण शुल्क और अन्य शुल्क पारिवारिक आय अनुसार लिये जाते हैं।

अन्तः सेवा इकाई का व्यक्तिवृत्त लेना

एक बार व्यक्तिवृत्त लेने की प्रक्रिया पूरी हो जाए तो व्यक्ति को विशिष्ट निर्धारण और हस्तक्षेप आदि के लिए अन्य विभागों में भेजा जाता है। सामान्य सेवाओं के अलावा, एनआईईपीएमडी हर महीने तंत्रिका संबंधी, मनोविज्ञान संबंधी तथा दन्त्य देखरेख की विशेष चिकित्साशालाएँ भी चलाता है। यह संस्थान अशक्तताओं युक्त व्यक्तियों को तंत्रिका संबंधी तथा मनोविकृति संबंधी औषधी भी देता है।

वर्षा 2013-14 में एनआईईपीएमडी और उसके विस्तार केन्द्र में 7548 रोगी पंजीकृत हुए। लगभग 2140 लोग बहुविकलांगता वाले थे और 5408 लोग विभिन्न प्रकार के एकल विकलांगता वाले थे। एनआईईपीएमडी और उसके विस्तार केन्द्रों में 42,086 रोगियों ने विभिन्न प्रकार की पुनर्वास सेवाएँ (अनुवर्ती) प्राप्त कीं। उन रोगियों में से 27185 लोग बहुविकलांगता वाले थे और 14901 लोग एकल विकलांगता वाले थे। चूँकि एनआईईपीएमडी बहुविकलांग व्यक्तियों के पंजीकरण में किसी को न नकारने की नीति अपनाता है, सभी प्रकार के अशक्तताओंयुक्त व्यक्तियों को पंजीकृत करा लेता है।

सारणी 13 : वर्ष 2013-14 के दौरान एनआईईपीएमडी और विस्तार केन्द्रों में पंजीकृत नये रोगी

क्र.सं.	प्रकार	लाभार्थियों की संख्या			
		2012-13		2013-14	
		यूडी	एमडी	यूडी	एमडी
1	केन्द्र	1091	365	1029	382
2	विस्तार केन्द्र (एसआरएम यूनिवर्सिटी, एसआरटीसी – चेन्नै) (अन्बगम–मयिलाडुदुरै), मनोचेतना, चेरियल–वारांगल)	1086	1048	2224	1526
3	मोबाइल सेवाएँ	285	59	2155	232
	कुल	**2462**	**1472**	**5408**	**2140**



चित्र 2 : पंजीकृत नये लाभार्थी

सारणी 14 : वर्ष 2013-14 में एनआईईपीएमडी और विस्तार केन्द्रों में अनुवर्ती सत्र

क्र.सं.	प्रकार	लाभार्थियों की संख्या			
		2012-13		2013-14	
		यूडी	एमडी	यूडी	एमडी
1	केन्द्र	10833	25568	10951	24490
2	विस्तार केन्द्र (एसआरएम यूनिवर्सिटी, एसआरटीसी – चेन्नै) (अन्बगम–मयिलाडुदुरै), मनोचेतना, चेरियल–वारांगल)	69	1034	3950	2695
	कुल	**10902**	**26602**	**14901**	**27185**

चित्र 3 : अनुवर्ती सत्र

सारणी 15 : एनआईईपीएमडी में पंजीकृत बहु विकलांगों का मिश्रण

	बहु विकलांगों का वर्गीकरण		
01	सीपी + एमआर + वीआई + एचआई	27	एमआर + वीआई
02	सीपी + एमआर + एलवी + एएसड	28	एमआर + एचआई
03	सीपी + एमआर + एलवी + एचआई	29	एलडी + एचआई
04	सीपी + एचआई + वीआई + डीडी	30	एमआई + एचआई
05	सीपी + एमआर + एलवी	31	एमआई + सीपी
06	सीपी + एमआर + वीआई	32	सीपी + ओएच
07	सीपी + एमआर + एमआई	33	सीपी + वीआई
08	सीपी + एमआर + एचआई	34	सीपी + एलवी
09	सीपी + एचआई + एलवी	35	सीपी + एएसडी
10	सीपी + एलवी + डीडी	36	सीपी + एचआई
11	सीपी + वीआई + एचआई	37	सीपी + डीडी
12	एमआर + एएसडी + सीपी	38	सीपी + सीमा रेखा
13	एमआर + एलवी + एचआई	39	एलवी + एमआई
14	एमआर + एलवी + एएसडी	40	एलवी + एचआई
15	एमआर + वीआई + एचआई	41	एलवी + पीडीडी
16	एमआर + एचआई + एमआई	42	एलवी + एएसडी
17	एमआर + एचआई + एलवी	43	एलवी + एलडी
18	एमआर + एलडी + डीडी	44	डीडी + एएसडी
19	एमआर + एमआई + एचआई	45	डीडी + वीआई
20	एमआर + एलडी + एलवी	46	डीडी + एलवी
21	एमआर + वाक्क्षति	47	डीडी + एचआई
22	एमआर + एएसडी	48	वीआई + एचआई
23	एमआर + एमआई	49	एलडी + एमआई
24	एमआर + सीपी	50	एलडी + एचआई
25	एमआर + एलडी	51	एलडी + वीआई
26	एमआर + एलवी	52	डीबी

नोट : सीपी – प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, एमआर – मानसिक मन्दन, वीआई – दृष्टि क्षति, एचआई – श्रवण क्षति, एलवी – क्षीण दृष्टि, एएसडी – आत्मविमोह वर्णक्रम अव्यवस्था, एलडी – चल-अचल अशक्तता, डीबी – बेहरा – अंधापन, एमआई – मानसिक रोग, पीडीडी – व्यापक विकासशील अव्यवस्था, एडीएचडी – ध्यान अभाव अति क्रियाशीलता अव्यवस्था।

दैहिक चिकित्सा पुनर्वास विभाग:

दैहिक चिकित्सा और पुनर्वास विभाग ने एकल विकलांग और बहु विकलांग व्यक्तियों का निदान कर उनको सेवाएँ भी प्रदान कीं। एक अशक्तता सेवाएँ विभिन्न विभागों में निर्दिष्ट उपचार के लिए संस्थान में बाहरी रोगी के रूप में की गयीं। बहु विकलांग व्यक्तियों को इस विभाग द्वारा विभिन्न इकाइयों में भेजा गया। वे हैं यथासमय हस्तक्षेप, भौतिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा विज्ञान, कृत्रिम अंग और विकलांग उपकरण विकास इकाई और संवेदिक एकीकरण। चिकित्सा परीक्षा के उपरान्त विकलांग व्यक्तियों को विशेष सेवाओं के लिए भेजा जाता हैं और कभी-कभी विकलांग व्यक्तियों को दवाइयाँ प्रदान की जाती हैं। असाधारण या दुर्लभ बीमारियों के व्यक्तियों को और आगे के विस्तृत परीक्षणों के लिए भेजा जाता है। इन परीक्षणों में हृदीय परीक्षण, जैसे एको, ईसीजी, एक्स-रे छाती, एमआरआई, उदरीय स्केन जैसे स्केन और जीवरसायनिक असाधारणताओं के लिए रक्त परीक्षा शामिल हैं। अगर परिवार की स्थिति पर संदेह होता हो तो व्यक्तियों को उत्पत्ति संबंधी परामर्श और उत्पत्ति संबंधी विश्लेषण के लिए भेजा जाता है। शंकर नेत्रालय जैसे नेत्र अस्पताल, हृदय की हालात के लिए अपोलो अस्पतालों तथा सामान्य चिकित्सा के लिए चेट्टीनाडु अस्पतालों में विशेष निर्देशन दिये जाते हैं। विभिन्न स्थितियों की बीमारियों के लिए एनआईईपीएमडी के रोगियों को, चेन्नै में बच्चों के लिए और व्यस्कों के लिए भी सरकारी अस्पताल में इलाज किया जाता है। चयापचय की स्वाभाविक त्रुटियाँ, पश्चिम संलक्षण, लाइसोसोमल भण्डार अव्यवस्थाएँ, लिपिड डाइस्ट्रोफी, गज़ेल ए प्रकार की एपिफिसियल अव्यवस्था, पटोव संलक्षण जैसी असाधारण बीमारियों के रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

भौतिक परीक्षा मूल्यांकन के लिए एक लाभार्थी

चिकित्सा सेवाओं के अलावा विभाग की ओर से रोगहर सेवाएँ भी दी जाती हैं ताकि अभ्यास, एलक्ट्रो और संवेदिक एकीकरण चिकित्सा द्वारा व्यक्ति स्वतंत्र रहें और चल-फिर सकें। और कृत्रिम उपकरण और अन्य विभिन्न साधन देकर उनकी सुविधा बढायें। विभाग का मुख्य उद्देश्य है कि रोगियों का "आनेवाले वर्षों में जीवन" सुखमय हो और अभिभावकों को विकलांग उनके बच्चों को अभ्यास करने और अन्य कार्य करने में प्रशिक्षण देना ही केन्द्र-बिन्दु है। यह इकाई आवर्तिक हस्तक्षेप का भी आयोजन करती है और बहु विकलांगों के रोगियों के लिए मनोविकृति विज्ञान, तंत्रिका विज्ञान, नेत्र विज्ञान और दन्तन चिकित्सा चलाती है। 2013-14 वर्ष के दौरान सुविधा प्राप्त व्यक्तियों का विवरण निम्नलिखित है।

सारणी 16 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती व्यक्ति (पीएमआर)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
354	429	783	87	1043	1130

तालिका 17 : वर्ष 2012-13 के दौरान विशेष चिकित्सा सेवा में उपस्थित लाभार्थियों का विवरण

विशेषता	नये लाभार्थी		कुल	अनुवर्ती सत्र		कुल	स्थितियाँ
	पुरुष	स्त्री		पुरुष	स्त्री		
मनोविकृति विज्ञान	09	10	19	192	169	361	नरम स्नायु रोग और स्किजोफ्रेनिया
तंत्रिका विज्ञान	22	22	44	211	180	391	अपस्मार और प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात
दन्त्य	26	26	52	92	53	145	अस्थिक्षय और वर्त्स दूषण
नेत्र विज्ञान	39	31	70	16	11	27	कैटरेक्ट, कार्निया में फूली, और मन्द दृष्टि
औषधालय (दवाइयाँ देना)	20	14	34	2392	1616	4008	प्रति अपस्मार की और मनोविकृति की दवाइयाँ

यथासमय हस्तक्षेप इकाई:

जन्म से लेकर तीन वर्ष तक के बच्चों को जोखिम/विकास में देरी की अवस्था में यथासमय हस्तक्षेप की सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। बच्चों के चलन, भाषा, संज्ञानात्मक, स्वसेवा, सामाजिक और भावोत्तेजक क्षमताओं के विभिन्न विकासशील मामलों का निर्धारण किया जाता है। बच्चों में विकासशील क्रियाओं को उत्तेजित करने के लिए खेल का तरीका सिखाया जाता है। घरेलू आधारित कार्यक्रम भी तैयार करके उसे अपनाने के लिए अभिभावकों को बताया जाता है। बहुविकलांगों के पंजीकृत बच्चे उनकी माताओं के साथ केन्द्र में लाये जाते हैं। बहु विकलांगों के दुर्लभ कारण पंजीकृत किये जाते हैं। विकलांगों के कारणों में बयापचय की जननकाल त्रुटियों में वृद्धि देखी गयी है। घुंबकीय कालर और घुंबकीय ग्रास्पर जैसे नवाचारात्मक तरीके निकाले गये हैं। घुंबकीय कालर सिर की स्थिरता को सुधारने में सहायता करता है और घुंबकीय ग्रास्पर कसकर पकड़ लेने में विकास करता है। 2013-14 वर्ष के लिए व्यक्तियों का विवरण निम्नलिखित है:

यथासमय हस्तक्षेप इकाई में रोगी की परीक्षा की जाती है।

सारणी 18 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (यथासमय हस्तक्षेप)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
0	80	80	03	1359	1362

भौतिक चिकित्सा इकाई:

भौतिक चिकित्सा नवीन चिकित्सा विज्ञान की एक शाखा है जहाँ सिर, गर्मी, शीत, प्रकाश, पानी, बिजली और संघटन तथा चालन जैसे भौतिक कारकों को उपचार तरीकों के रूप में अपनाया जाता हैं। बीमारियों, अव्यवस्था या अशक्तता के इलाज में ये नैदानिक, पूर्वानुमानिक, निवारक और पुनर्वासिक आयाम माने जाते हैं। बैठना, खड़े होना, चलना आदि चलन पीडित व्यक्तियों के लिए भौतिक चिकित्सा लागू होती है।

निवारक कदम के रूप में चलन पीडित व्यक्तियों की आवश्यकतानुसार उचित साधनों और उपकरणों को प्रदिष्ट किया जाता है। चलन शक्ति का अनुरक्षण करने या आगे भी विकृति होने से रोकने में यह इकाई काम करती है।

कंठ्य वाणी, निषेधात्मक अतिसामान्य प्रतिवर्त को ठीक कर देने का एक तरीका है तंत्रिका विकासशील चिकित्सा एप्रोच। प्रमस्तिष्कीय मंदन और विकास में विलंब से ग्रस्ति बच्चों के लिए चलाचलन में स्तर और गुण का विकास करता है। चालक नियंत्रण में भौतिक हस्तक्षेप के तरीकों के रूप में सरलीकरण और निषेध तकनीक सिखाये जाते हैं।

फुप्फुसीय पुनर्वास स्राव ढीला करने और फेफडे का आकार बढाने में सहायता करता है। खड़े होने में स्थिरता, चलने की शक्ति और संचलन का विकास करने में गैइट प्रशिक्षण काम आता है।

अभिभावकों को उचित स्थापन आदि सिखाया जाता है, ताकि असामान्य मुद्रा और प्रतिवर्तन अपनायें। लक्ष्य के पुनरीक्षण और आगे के प्रबंधन के लिए रोगियों को नियमित अनुवर्ती चिकित्सा अनिवार्य कर दी गयी है। अभिभावकों को गृह कार्यक्रम सलाह दी गयी है जिसे घर में निष्पादित करें

बहुविकलांग व्यक्ति को चिकित्सा के रूप में खड़े होने के चौखडे में खड़ा किया जाता है।

जिससे लक्ष्य तक पहुँचने में सहायता हो। वे हैं बैठने या पढ़ने या चीजें उठाने में घर पर शरीर का सीधा बंधन लागू रखना।

सारणी 19 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (भौतिक चिकित्सा इकाई)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
108	274	382	714	4334	5048

एक लाभार्थी को भौतिक चिकित्सा इकाई में चिकित्सा दी जाती है।

व्यावसायिक चिकित्सा इकाईः

पुनर्वास की बनावट में व्यावसायिक चिकित्सा एक अनिवार्य इकाई है। इससे प्रयोजनबद्ध और सक्रिय कार्यकलापों द्वारा दैनिक जीवन के हर कार्य में रोगी को अधिकतम क्रियात्मक योग्यता और स्वतंत्रता प्रदान की जा सके।

व्यावसायिक चिकित्सा का मूल कार्य है रोगी की क्रियात्मक शक्ति बढ़ाना जिसमें स्थूल चलन और बारीक चलन दोनों होंगे। विकासशील विशिष्टताएँ बढ़ाना, संज्ञानात्मक-बोधात्मक शक्ति बढ़ाना और दैनिक जीवन कार्यों की शक्ति बढ़ाना भी शामिल हैं।

व्यावसायिक चिकित्सा सेवाओं में आनेवाले रोगों की पूर्व-परीक्षा की जाती है, फिर लक्ष्य निर्धारित किया जाता है और चिकित्सा का कार्यान्वयन होता है। रोगियों की प्रगति का नियमित अनुश्रवण होता है और प्रलेख कर लिया जाता है।

प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात, मानसिक मंदन, आत्म विमोह वर्णक्रम अव्यवस्था, ध्यान अभाव अतिक्रियाशीलता अव्यवस्था, शिक्षण अशक्तता, हस्थि संबंधी एवं तंत्रिका संबंधी अव्यवस्थाएँ, जरा

चिकित्सा अवस्थाएँ, मनोविकृति की अवस्थाएँ और अन्य विकासशील अशक्तताएँ एनआईईपीएमडी में व्यावसायिक चिकित्सा सेवा द्वारा इलाज की जाती हैं।

व्यावसायिक चिकित्सा इकाई ने निकट भविष्य में मनोविकृति, हाथ खपची, दैनिक जीवन इकाई के कार्यकलाप मनोरंजन कार्य इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। ये नई इकाइयाँ स्थापित होने के बाद, लाभान्वित होनेवाले रोगियों की संख्या 1200 रोगी प्रतिमाह तक बढ़ सकती है।

इसके अतिरिक्त, एडीआईपी योजना के अधीन पहचान और उपकरण वितरण शिबिरों में हमारे पेशेवरों ने भाग लिया। रोगियों को तंत्रिका त्रुटि के साथ

खपची और अनुकूली उपकरण भी प्रदर्शित किये जाते हैं। खपची बिठाना, पहनने की पद्धति, और उनका अनुरक्षण भी उनको सिखाये जाते हैं। हर रोगी का यथार्थवादी लक्ष्य व्यावसायिक चिकित्सा सेवाओं द्वारा प्राप्त किया जाता है।

व्यवसायिक चिकित्सा इकाई में चिकित्सा गेंद इलाज एक लाभार्थी को दिया जा रहा है।

सारणी 20 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (व्यावसायिक चिकित्सा)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
234	459	693	2839	5920	8759

कृत्रिम अंग और विकलांग इकाई:

विकालांग व्यक्तियों को पुनर्वास के साधन और उपकरण देकर यह इकाई सेवा करती है। खोया हुआ अंग, सहायता, सुधार और अशक्तताएँ देनेवाले कमजोर अंगों की विकृति को रोकती है। विकलांग व्यक्तियों का मूल्यांकन, माप, निर्माण, बिठाना आदि सेवा भी यह इकाई प्रदान करती है। समाज और परिस्थिति के लायक बनने में और काम करने में, उनकी माँगों के अनुसार विभिन्न कृत्रिम अंग, विकलांग, खपची, अन्य अनुकूली उपकरण और बैठने के उपकरण देकर उनकी सेवा करती है।

सारणी 21 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (कृत्रिम, अंग और विकलांग)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
92	156	248	148	228	376

चिकित्सीय मनोविज्ञान इकाई में रोगी का मूल्यांकन किया जाता है।

नैदानिक मनोविज्ञान विभाग:

मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन करके और मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित हस्तक्षेप का प्रावधान करके यह विभाग पुनर्वास सेवाएँ निष्पादित करता है। मानक मूल्यांकन उपकरणों का प्रयोग करके हर व्यक्ति के विकास/बौद्धिक क्रियाशीलता का मूल्यांकन किया जाता है। इससे उनकी शिक्षा और चिकित्सीय कार्यक्रमों की योजना बनाने में सहायता करता है। उनके अलावा, हर व्यक्ति की विभिन्न मनोवैज्ञानिक रूपरेखा का निर्धारण अन्य संज्ञानात्मक क्रियाशीलता, विशिष्ट अधिगम अशक्तता मूल्यांकन, व्यक्तित्व परीक्षाएँ, तंत्रिका मनोवैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक नैदानिक मूल्यांकन करता है।

हस्तक्षेपों के अंग के रूप में, उन व्यक्तियों के लिए, उनका कुअनुकूली आचरण कम करने और अनुकूली आचरण की वृद्धि करने के उद्देश्य से आचरण प्रबंधन का प्रावधान किया जाता है। आगे, विकलांग व्यक्तियों की संज्ञानात्मक क्रियाशीलता तीव्र करने के लिए संज्ञानात्मक वृद्धि तकनीक का प्रावधान किया

जाता है। यह विभाग चिकित्सीय सत्रों के समय परिवार के सदस्यों का सम्मिलन भी सुनिश्चित करता है ताकि वे घर पर भी उन तकनीकों को अवलोकित करके सीखकर और उन्हें कार्यान्वित करें। विकलांग व्यक्तियों को तथा उनके परिवार के सदस्यों को विभिन्न आचरण संबंधी और भावुकतायुक्त समस्याओं के लिए संज्ञानात्मक पुनर्वास तथा मनोविकृति चिकित्सा भी दी जाती हैं। यह विभाग मनश्चिकित्सीय सह विकृति के व्यक्तियों की चिकित्सा-आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए पाक्षिक मनश्चिकित्सीय चिकित्साशाला भी चलाता है। विकलांग व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य और जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए पूर्ण हस्तक्षेपों का प्रावधान करके एक बहुविमितीय अभिगम अपनाया जाता है।

चिकित्सा मनोविज्ञान इकाई में एक लाभार्थी का मूल्यांकन

सारणी 22 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (नैदानिक मनोविज्ञान)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
364	341	705	456	536	992

विशेष शिक्षा विभाग:

विशेष शिक्षा विभाग विकलांग लाभार्थियों के पुनर्निर्माण में एक महत्वपूर्ण अत्यावश्यक भूमिका निभा रहा है। बहु विकलांग व्यक्तियों के लिए उचित सेवा वितरण नमूने का विकास करने का उत्तरदायित्व रखता है। विभाग की एक और महत्वपूर्ण भूमिका है विशेष शिक्षा के क्षेत्र में मानव-संसाधन का विकास करना। इसके लिए यह विभाग विकलांग बच्चों के साथ काम करेगा। विकलांग

माडल स्कूल में पीडब्ल्यूडी को योगा प्रशिक्षण

बच्चों के कार्यक्रमों के लिए वृत्तिमूलक मूल्यांकन परीक्षण सूची के विकास जैसे अनुसंधान और विकास कार्यक्रम इस विभाग ने चलाये। इसमें आत्मविमोह वर्णक्रम अव्यवस्था, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात और श्रवणक्षति-नेत्र क्षति और अतिरिक्त अशक्तताएँ शामिल हैं। बहु विकलांग व्यक्तियों के कार्यक्रमों में सरलीकरण लाने के लिए शिक्षण-अधिगम उपकरणों और अनुकूली उपकरणों की तैयारी इस विभाग के कार्यक्रमों का एक अंग है। इस विभाग के कार्यक्रमों में सम्मिलित शिक्षा का सरलीकरण और अन्तः सेवा शिक्षकों तथा अन्य पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण मापदण्ड का विकास भी एक अंग है।

सारणी 23 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (विशेष शिक्षा)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
141	454	595	297	1830	2127

2013-14 के दौरान पाठशाला जानेवाला विशेष पाठशाला के बच्चों की संख्या निम्नलिखित है:

सारणी 24 : वर्ष 2013-14 के दौरान पाठशाला जानेवाला विशेष पाठशाला के बच्चों की संख्या

प्रभाग	वर्ष		
	2011-12	2012-13	2013-14
शीर्घ बचपन	1840	2952	2913
आत्मविमोह वर्णक्रम अव्यवस्था	3545	3980	3901
प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात	4275	3442	2975
श्रवणक्षति - नेत्रक्षति	1837	1932	2143
कड़ी और गहरी बहु विकलांग	154	532	581
कुल	11651	12838	12513

बहु विकलांग व्यक्तियों के लिए पाठशाला वातावरण में विभिन्न शैक्षिक तथा अन्य पुनर्वास सेवाओं का प्रावधान करने के लिए आदर्श विद्यालय सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। आदर्श विद्यालय में पंजीकृत रोगी विभिन्न सम्मिश्रण की विकलांग से युक्त बच्चे होते हैं। पाठशाला में हरेक बच्चे का कार्यक्रम माता-पिताओं को नियमित शिक्षक-अभिभावक बैठक चलाकर खूब सूचित कर दिया जाता है; दैनिक पारस्परिक क्रिया द्वारा भी उनको सिखाया जाता है, क्योंकि जब भी विकलांग बच्चे आदर्श विद्यालय में आते हैं, तब माता-पिताओं/अभिभावकों को साथ में आना अनिवार्य है।

आदर्श विद्यालय विकलांगों के इलाकों के क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को प्रयोगात्मक अनावृत्ति का प्रावधान करने का स्थान है। एचआरडी कार्यक्रमों के प्रशिक्षणार्थी शिक्षक अपनी पाठ्यचर्या के अंग के रूप में आदर्श विद्यालय की विभिन्न इकाइयों में बहु विकलांगों के क्षेत्र में विभिन्न प्रयोगात्मक कार्यभार संभालते हैं और अनुसंधान भी चलाते हैं। मध्यम चुनौतीपूर्ण दल में शिक्षक–छात्र का अनुपात। 1 : 8 तक सीमित रहता है और कड़े तथा गंभीर चुनौतीपूर्ण दल के लिए 1 : 4 है। और इस कड़े दल के वातावरण के लिए अधिक विशेष ध्यान और सुविधाएँ आवश्यक हैं। वर्ष 2013-14 के दौरान आदर्श विद्यालय में लगभग 105 बच्चे भर्ती हुए हैं।

शीघ्र बचपन विशेष शिक्षा इकाई:

आद्य बचपन विशेष शिक्षा इकाई में लाभार्थी

आदर्श विद्यालय में शीघ्र बचपन विशेष शिक्षा इकाई 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों पर केन्द्रित करती है। सभी संभव बहुविकलांग बच्चों पर ईसीएसई इकाई ध्यान देती है। इस इकाई में पूर्वपाठशाला शिक्षा कार्यक्रम संपन्न होता है जिससे पेशेवर बच्चों को स्कूल जाने की तैयारी (पाठशाला तैयारी कार्यक्रम) करते हैं। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, यह इकाई बच्चों को नियमित पाठशाला में पढ़ने की सिफारिश करती है, जैसे सम्मिलित शिक्षा वर्ग।

2013-14 शैक्षिक वर्ष में ईसीएसई इकाई में कुल 19 बच्चों ने पढाई की।

सारणी 25 : ईसीएसई में बहुविकलांग छात्र

क्र. सं.	बहु विकलांगों का सम्मिलित	पुरुष	स्त्री
1.	सीपी + एमआर	01	-
2.	सीपी + एमआर + वीआई	01	02
3.	एमआर + वीआई	-	03
4.	सीपी + ओएच	01	-
5.	एएसडी + एमआर	06	02

सारणी 26 : ईसीएसई में एकल विकलांग के छात्र

क्र. सं.	एकल विकलांग	पुरुष	स्त्री
1.	सीपी	01	-
2.	एमआर	01	-
3.	एडीएचडी	01	-

सारणी 27 : ईसीएसई इकाई में बच्चों को कार्यकलापों तथा तरीकों का शिक्षण

मूल्यांकन उपकरण	लक्ष्य	तरीके	पूर्ण परिणाम
एफएसीपी पूर्वप्राथमिक परीक्षण सूची	• व्यक्तिगत क्षमताएँ बढाना • पूर्व लेखन और लेखन क्षमता बढ़ाना • पूर्व पठन और पढ़ने की क्षमता बढ़ाना • आधारभूत और अर्थपूर्ण गिनती बढ़ाना • जोड़ दल अन्योन्य क्रिया बढ़ाना • संचार क्षमता बढ़ाना • सूक्ष्म और स्थूल क्षमताएँ बढाना	• खेल तरीका • बहु संवेदिक अभिगम (वीएकेटी तरीका) • आचरण संशोधन तकनीक • विभिन्न प्रकार के कार्यकलापों का प्रयोग करना	• चित्र पढ़ने की क्षमता में वृद्धि • व्यक्तिगत क्षमताओं में वृद्धि • पूर्व लेखन और लेखन क्षमता में वृद्धि • अनावश्यक आचरण कम करना • सामाजिक और संचार क्षमता में वृद्धि • सूक्ष्म और स्थूल चालक क्षमता में वृद्धि

सारणी 28 : वर्ष 2014-15 शैक्षिक के लिए सम्मिलित शिक्षा वर्ग में भर्ती हुए बच्चे

क्र. सं.	नाम	भर्ती की तारीख	पंजीकरण संख्या	लिंग	जन्मतिथि	अन्तरीय निदान	पाठशाला का नाम और पता	कक्षा
1.	सन्तोष	17.12.12	560/12	पुरुष	5.12.08	एएसडी + एमआर	मणि नर्सरी और प्राइमरी स्कूल, नं.63, नयी नं.60, पल्लवन पोन्नप्पन गली ट्रिप्लिकेन, चेन्नै-5	पहली कक्षा
2.	दिनेश	12.09.11	438/11	पुरुष	01.03.07	मध्यम एमआर (डाउन का सिन्ड्रोम)	ऊराट्ची ओन्रीय तोडक्कप्पळ्ळी, कारप्पाक्कम, चेन्नै-97	पहली कक्षा
3.	दीपक	17.06.13	564/12	पुरुष	08.03.09	एएसडी + एमआर	चेन्नै कार्पोरेशन प्राइमरी स्कूल,एमएमडीए–माथुर, चेन्नै-68	पहली कक्षा
4.	राजेश	17.07.13	220/11	पुरुष	31.03.10	सीपी	फिलिप्स मेट्रिक स्कूल, ईसीआर, वेट्टुवानकेणी, चेन्नै	एलकेजी
5.	विष्णु कार्तिक	19.06.13	139/12	पुरुष	21.03.10	सीपी + एलटी कोहनी के नीचे अंगच्छेद	भुवनकृष्णन मेट्रि. स्कूल, मुरुगन कोविल स्ट्रीट, तिरुपोरूर-603 110	एलकेजी
6.	तमिळ सेल्वम	31.07.13	454/13	पुरुष	13.05.09	सीमारेखा डीडी + एडीएचडी	गवर्नमेंट आरंभ पळ्ळी, कानात्तूर, रेट्टिकुप्पम, चेन्नै - 600 112.	पहली कक्षा
7.	धोशिनी	06.07.10	105/10	स्त्री	26.12.08	धीमा एमआर + दृष्टि त्रुटि	गवर्नमेंट आरंभ पळ्ळी, कानात्तूर, रेट्टिकुप्पम, चेन्नै-112	पहली कक्षा
8.	हरिता	13.08.12	361/12	स्त्री	18.08.09	एएसडी + एमआर	अण्णामलै नडुनिलै पळ्ळी, तिरुक्कळुकुन्ड्रम, जिला काँचीपुरम।	पहली कक्षा

सारणी 29 : ईसीएसई इकाई से अन्तः गृह स्थानांतरण का विवरण

क्र. सं.	नाम	इकाई	स्तर
1.	एस. रेवती	डीबी	प्राइमरी
2.	बी. संगीता	सीपी	प्राइमरी

सारणी 30 : ईसीएसई इकाई में उत्सव

क्रम.सं.	दिन का नाम	तारीख, महीना और वर्ष
1	फल दिवस	19-07-2013
2	मित्रता दिवस	02-08-2013
3	वर्ण दिवस	26 से 30-08-2013 तक
4	तरकारी दिवस	25-10-2013
5	पुष्प दिवस	13-11-2013
6	दस्तकारी दिवस-पत्ते, फूल, बीज और तरकारियाँ	24-01-2014
7	सम्मिलन एवं यथार्थ (एक मिलन कार्यक्रम)	02-05-2014

प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के साथ अतिरिक्त अशक्तताओं की इकाई:

वर्ष 2013-14 के दौरान इस इकाई में 31 बच्चे भर्ती हुए हैं। उनकी भर्ती के समय एफएसीपी परीक्षण सूची के साथ रोगियों का निर्धारण हुआ, यह देखने के लिए कि उनकी वृत्तिमूलकता का वर्तमान स्तर पता चले। उस निर्धारण के आधार पर, दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन लक्ष्य निश्चित किये गये और उचित टीएलएमों के साथ कक्षा में पाठ योजनाओं का कार्यान्वयन किया गया। और उनकी गतिशीलता, संचार, पोषण, स्व-सहयोग और शैक्षिक क्षमताओं के लिए अनुकूल साधनों और उपकरणों का प्रयोग हुआ। इस इकाई में प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के साथ विभिन्न सम्मिलनोंवाले बच्चे भर्ती हुए।

प्रमस्तिष्कीय पक्षाघातयुक्त लोग चित्र प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

सारणी 31 : सीपी इकाई में छात्रों में अशक्तताओं का सम्मिलन

क्र. सं.	विकलांग का वर्गीकरण	पुरुष	स्त्री	कुल
1.	सीपी के साथ एमआर	14	10	24
2.	सीपी के साथ एलवी	03	02	05
3.	सीपी के साथ एएसडी	01	00	01
4.	सीपी के साथ एचआई	01	00	01

बधिररांधता के साथ अतिरिक्त विकलांगों की इकाई:

बधिररांधता इकाई बड़ी विलक्षण है क्योंकि श्रवणहीन – नेत्रहीन, हर व्यक्ति अन्य लोगों से भिन्न है, चूँकि दृश्य और श्रवण क्षति का स्तर बदलता है और विकास के समय सहचारी समस्या बाधा डालती है। महत्व के मुख्य क्षेत्र हैं– संचार, सूचना, वृत्तिमूलक शिक्षा, संक्रमण और व्यावसायिक कार्यकलाप। संचार के विकास के लिए सहक्रियात्मक इशारे, स्पृश्य संकेत जैसे विशेष कौशल अपनाये जाते हैं। कक्षा कार्यकलापों में स्पर्श विधि और अवशिष्ट संवेदिक क्षमताएँ खोजने और सीखने में मदद करती हैं। यथार्थ जीवन अनुभव, यथार्थ पदार्थ आदि का उपयोग शीघ्र शिक्षा स्तर के बच्चों में धारणाएँ विकसित करने में किया जाता है। डीवी छात्र विशेषतः अभिकल्पित स्पर्श बाग में खोजे जाते हैं। 2013-14 के दौरान इस इकाई में 17 बधिरांध बच्चों को शामिल किया हैं।

स्पर्शक्षम बाग में श्रवणक्षय-नेत्रहीन लाभार्थी

सारणी 32 : डीवी इकाई के छात्रों में विकलांगों का सम्मिलन

विकलांगों का सम्मिलन	पुरुष	स्त्री	रोगियों की संख्या
सीपी+एमआर+वीआइ+एचआई	01	-	01
सीपी+एमआर+वीआई	01	-	01
एलवी+एमआर	06	03	09
एचआइ+एमआर	-	01	01
एचआई+एमआर+एएसडी	01	-	01
वीआइ+एमआर	02	-	02
एचआई+वीआई	-	01	01
वीआई	01	-	01
कुल	**12**	**05**	**17**

आत्मविमोह के साथ अतिरिक्त विकलांगों की इकाई:

एसडी इकाई ने आत्मविमोह के साथ अतिरिक्त विकलांगों के 35 बच्चों को शामिल किया है। यह इकाई, और तीन अनुभागों में बाँटी गयी है जैसे प्राथमिक, मध्यम और संक्रमण। प्राथमिक के लिए उम्र की सीमा 6-10 वर्ष की है, मध्यम के लिए 10-14 वर्ष की है और संक्रमण के लिए 14-18 वर्ष की है। हर

विशेष शिक्षिका द्वारा आत्मविमोह के बच्चे कार्यकलाप सीखते हुए

अनुभाग में, 8 से 10 बच्चे पढ़ रहे हैं। प्रवेश के दौरान, बचपन आत्मविमोह माप निर्धारण (सीएआरएस) मनोविकृत शिक्षित रूपरेखा (पीईपी) और कार्यक्रम की बनावट के उपकरण के लिए वृत्तिमूलक निर्धारण परीक्षणसूची के साथ बच्चे मूल्यांकित किये गये ताकि उनका वर्तमान स्तर कार्यकलाप का पता चले और वैयक्तिक शैक्षिक कार्यक्रम का कार्यान्वयन हो।

इस इकाई में, पीईसीएस तरीके द्वारा मौखिक और गैर-मौखिक-दोनों तरीकों से बच्चों को संचार का उपयोग करने के प्रशिक्षण दिया गया। इस मूल्यांकन के आधार पर, इन बच्चों को अच्छी तरह सीखने के लिए उचित शिक्षण-अधिगम उपकरण (टीएलएम) और दृश्य कौशलों का उपयोग करके संरचनात्मक कक्षा शिक्षण दिया गया।

सारणी 33 : एएसडी इकाई में छात्रों में विकलांगों का सम्मिलन

क्र. सं.	विकलांगों का सम्मिलन	पुरुष	स्त्री	छात्रों की संख्या
1.	एएसडी+एमआर	24	6	30
2.	एसडी+निचला संलक्षण	1	-	01
3.	एएसडी+एडीएचडी	2	-	02
4.	एसडी+सीपी	1	1	02
	कुल	**28**	**7**	**35**

कड़े और गंभीर विकलांगों की इकाई:

इस इकाई में 14 बच्चे भर्ती हुए, जहाँ सारे बच्चे प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के साथ अतिरिक्त विकलांगों, जैसे मानसिक मंदन के साथ अभिग्रहण, और निम्न दृष्टि के निदान कर दिये गये और इस प्रकार कड़े और गंभीर बहु अशक्त बच्चे करार कर दिये गये। ये बच्चे एफएसीपी ध्यान दल द्वारा मूल्यांकित किये गये और तब गंभीर कड़े कार्यक्रम मूल्यांकन परीक्षण सूची भी अपनायी गयी। उनकी भर्ती के समय उनके कार्यकलापों का स्तर देखा गया। उस मूल्यांकन के आधार पर, दीर्घकालीन और अल्पकालीन लक्ष्यों की योजना बनायी गयी और कार्यान्वित की गयी। जब बच्चे इकाई में आये, तब बच्चों पर वैयक्तिक ध्यान दिया गया और आईईपी का कार्यान्वयन किया गया। हर बच्चे को संचार संचिकाएँ दी गयीं ताकि वे वृत्तिमूलक संचार करें और माता-पिताओं को गृह-कार्यक्रम दिये गये ताकि वे अपने बच्चों के वृत्तिमूलक शिक्षितता, संचार विकास, चाल-चलन, स्व-सहयोग क्षमताएँ, स्थापन और उठाने में ध्यान दें। इस इकाई में बहु विकलांगों के विभिन्न सम्मिलन के बच्चे भर्ती किये गये।

सारणी 34 : एसपीएमडी इकाई में छात्रों में विकलांगों का सम्मिलन

विकलांगों का सम्मिलन	पुरुष	स्त्री	लाभार्थियों की संख्या
सीपी+एमआर+अपस्मार	06	05	11
सीपी+एमआर+वीआई+अपस्मार	-	01	01
सीपी+एमआर+एलवी+अपस्मार	02	-	12
कुल	**08**	**06**	**14**

वाणी, श्रवण और संचार विभागः

अच्छा संचार बच्चों तथा उनके माता-पिताओं के साथ काम करने का केन्द्र कार्य है। इसमें बच्चों, युवा लोगों और उनकी चिन्ता करनेवालों से ध्यान देना, प्रश्न करना, समझना और बतायी गयी बातों पर उत्तर देना आदि सबंधित हैं। संचार का मतलब है एक वर्ग के लोग दूसरों से बोलनेवाली बातों की अन्योन्य क्रिया द्वारा सूचना, विचार, भावनाएँ, माँगें और इच्छाओं का आदान-प्रदान कर लेना। वाणी भाषा का मौखिक उत्पादन है। यह संबंधित मौखिक चलन संरचना (जैसे जीभ, मुँह) का उचित समय पर समन्वय करके ध्वनि उत्पादित करने की योग्यता है। संचार अव्यवस्था वह क्षति है जो मौखिक, गैर मौखिक और लेखाचित्र चिह्नों की पद्धतियों को प्राप्त करने, भेजने, प्रक्रिया करने और सम्मिश्रित करने की योग्यता में होती है।

यह विभाग वाणी और श्रवण से संबंधित बच्चों और व्यस्कों की समस्याओं पर सेवा करता है। मूल्यांकन, निदान, हस्तक्षेप, प्रयोगात्मक गृह प्रशिक्षण कार्यक्रम, अनुवर्ती श्रव्यता चिकित्सक मूल्यांकन, श्रवण उपकरणों का प्रयोग और बिठाना, कर्ण ढाँचा छाप आदि कार्यकलाप होते हैं।



चित्र 4 : संचार चिकित्सा प्राप्त करनेवाले लाभार्थियों की वृक्ष संरचनाएँ

माता–पिताओं को प्रदर्शनात्मक गृह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया जाता है जो वाणी और भाषा क्षमताओं के सम्मिश्रण & अभिव्यक्ति पर केन्द्रित करता है। यहाँ रोगी पर केन्द्रित अभिगम अपनाया जाता है, जहाँ बच्चों की अशक्तताओं से बढ़कर उनकी योग्यताओं पर ज़ोर दिया जाता है। इस प्रयोजन के लिए एक युक्ति

"मेरा प्रतिभाशाली बच्चा" का प्रयोग किया जाता है जहाँ माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य इस हस्तक्षेप कार्यक्रम में साझेदारों के रूप में शामिल कर लिये जाते हैं।

बच्चों और व्यस्कों को दी जानेवाली चिकित्सक सेवा के अलावा, यह विभाग अन्य संस्थानों के बाचिलियर ऑफ ऑडियालोजी, स्पीच एण्ड लांग्वेज पेथालोजी और मास्टर ऑफ रेहैबिलिटेशन साइन्स के छात्रों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन करने का काम करता है।

मौखिक मानचित्रण अभ्यास

समानान्तर भाषण

वाणी, श्रवण और संचार विभाग में दल चिकित्सा कार्यकलाप

सारणी 35 : नये लाभार्थी & अनुवर्ती लाभार्थी (वाणी, श्रवण & संचार)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
339	448	787	574	3025	3599

श्रवण चिकित्सा विभाग नौजवानों से लेकर जरा चिकित्सक आबादी तक श्रवण चिकित्सात्मक मूल्यांकन करता है, जिसमें शिशु आवरण श्रव्यता, ओएई चित्रपट चलाना, एबीआर चित्रपट चलाना, शुद्ध ध्वनि श्रव्यता, और प्रतिबाधिता श्रव्यता जैसे कलात्मक उपकरणों का उपयोग होता है। श्रव्यता मूल्यांकन

के बाद, उचित श्रवण उपकरणों और साधनों का वितरण होता है तथा श्रवण उपकरण का प्रयोग और बिठाना वगैरह भी किया जाता है। अन्त में बच्चों को वैयक्तिक और दल श्रव्य संबंधी और वाणी संबंधी प्रशिक्षण में हस्तक्षेप दिया जाता है। यह विभाग पुनर्वास पेशेवरों को सीआरई के कार्यक्रम भी चलाता है।



खेल श्रव्यता

समाज कल्याण विभाग:

समाज कल्याण विभाग इस संस्थान के विभिन्न विभागों और विभिन्न सेवाओं के लिए आनेवाले विकलांग व्यक्ति के बीच सेतु का काम करता है। विभिन्न सेवाओं के लिए पंजीकृत सभी विकलांग व्यक्ति इस विभाग द्वारा पूर्ण रूप से अवलोकित किये जाते हैं। यह विभाग रोगियों को आवश्यक सेवाएँ प्राप्त करने के लिए विभिन्न विभागों में जाने का परामर्श और मार्गदर्शन देताहै। यह विभाग रोगियों को एनआईईपीएमडी के अन्य उचित विभागों में भी भेजता है और रोगियों का पूर्ण ध्यान और सेवाएँ प्रदान करने के लिए एनआईईपीएमडी के बाहर के अन्य विभिन्न संगठनों में भी भेजता है। बहु विकलांग व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों के लिए दी जानेवाली विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों से यह विभाग माता-पिताओं को प्रबुद्ध करता है। और परिवार की अधिकारिता के लिए इन योजनाओं और कार्यक्रमों को प्राप्त करने की कार्यविधि भी से यह विभाग माता-पिताओं को शिक्षित करता है। माता-पिताओं से बतायी जानेवाले विकलांग से संबंधित मामले जो

समाज कल्याण विभाग में क्षेत्र स्तर के कर्मचारियों को दिग्विन्यास

परिवार में समस्या बनकर खड़े हैं, उन्हें भी समाज सेवक द्वारा उचित ढंग से समझाये जाते हैं और उन समस्याओं से अधिक सफलतापूर्वक सामना करने के लिए माता–पिताओं को समाज कल्याण पद्धतियाँ अपनायी जाती हैं। यह विभाग परिवार में विकलांग व्यक्ति पर एक व्यापक निदान सूचक रिपोर्ट भी देता है और उस समस्या को प्रभावी ढंग से संभालने के तरीके भी बताता है।

सारणी 36 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (समाज कल्याण)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
936	382	1318	977	1119	2096

चल सेवाएँ:

समाज कल्याण विभाग एनआईईपीएमडी की 50 की.मी. की त्रिज्या के अन्दर रहनेवाले विकलांग व्यक्तियों को पहचानने निमित्त नियमित रूप से चल सेवाएँ भी चला रहा है। इन चल सेवाओं को चलाने के लिए दो योग्य पुनर्वास कर्मचारी लगाये गये हैं। इन चल सेवाओं के लक्ष्य निम्न प्रकार के हैं:

1. जितनी जल्दी हो सके, उतनी जल्दी विकलांग लाभार्थियों को पहचानना।
2. इस विकलांग के बारे में माता-पिता/परिवार के सदस्यों को समझाना।
3. विकलांग सदस्यों के प्रबन्धन के संबंध में घर पर और समुदाय स्तर पर माता-पिताओं को शिक्षित करना।
4. उचित सेवाओं के लिए रोगियों को एनआईईपीएमडी और निकटस्थ सेवा प्रदानकर्ताओं के साथ जोड़ना।
5. विकलांग पहचान पत्र के बारे में और विकलांग व्यक्तियों को प्राप्त विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में परिवार के सदस्यों को समझाना।
6. समुदाय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों के लिए उचित साधनों और उपकरणों का प्रावधान करना।

यह दल व्यक्तिगत सेवाओं के अलावा, अशक्तताओं की यथासमय खोज करने और उन्हें रोकने के संबंध में बोध सृजन कार्यक्रम भी चलाता है। चल सेवाओं द्वारा पंजीकृत रोगियों का विवरण निम्नलिखित है।

सारणी 37 : चल सेवाओं द्वारा पंजीकृत नये रोगी

वर्ष	रोगियों की संख्या		कुल
	बहु विकलांग	एकल विकलांग	
2013-14	232	2155	2387

विस्तार केन्द्रः

एनआईईपीएमडी ने रोगियों की माँगों की पूर्ति के लिए राज्य संसाधन प्रशिक्षण केन्द्र (एसआरटीसी), एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नै, मयिलाडुदुरै में अरिवगम्, तमिलनाडु और मनोचेतना, वारांगल, आन्ध्र प्रदेश के सहयोग से संबंधित जिलों में विस्तार केन्द्रों का निर्माण किया है। एनआईईपीएमडी केन्द्र में उचित मानवशक्ति लगाकर विस्तार केन्द्र को पूर्ण रूप से कार्य निभाने के विचार से तकनीकी पक्ष को महत्व दे रहा है। और विकलांग व्यक्तियों को स्तरीय सेवाएँ प्रदान कर रहा है। पंजीकृत लाभार्थियों का विवरण और पुनर्वास सेवाएँ प्राप्त विकलांग व्यक्तियों की संख्या निम्नलिखित हैं।

सारणी 38 : वर्ष 2013-14 के दौरान एसआरटीसी, चेन्नै में पुनर्निर्माण सेवाएँ प्राप्त लाभार्थी

वर्ष	बहु विकलांग	एकल विकलांग	कुल
2013-14	630	810	1440

सारणी 39 : वर्ष 2013-14 के दौरान एसआरएम, विश्वविद्यालय, चेन्नै में पुनर्निर्माण सेवाएँ प्राप्त लाभार्थी

वर्ष	नये लाभार्थी	अनुवर्ती सत्र	कुल
2013-14	443	3319	3762

सारणी 40 : वर्ष 2013-14 के दौरान अरिवगम, मयिलाडुतुरै में पुनर्निर्माण सेवाएँ प्राप्त लाभार्थी

वर्ष	नये लाभार्थी	अनुवर्ती सत्र	कुल
2013-14	695	1885	2580

सारणी 41 : वर्ष 2013-14 के दौरान मनोचेतना, वारांगल (एपी) में पुनर्निर्माण सेवाएँ प्राप्त लाभार्थी

वर्ष	नये लाभार्थी	अनुवर्ती सत्र	कुल
2013-14	1172	1441	2613

योजनाएँ और रियायतें:

यह विभाग रोगियों तथा उनके परिवारों को राज्य सरकार, राष्ट्रीय ट्रस्ट और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय आदि की योजनाओं तथा कार्यक्रमों को प्राप्त करने में सहायता करता है।

सारणी 42 : वर्ष 2013-14 के दौरान मनोचेतना, वारांगल (एपी) में पुनर्वास सेवाएँ प्राप्त लाभार्थी

योजनाओं और रियायतों के प्रकार	स्थानीय बस पास	बाह्य बस पास	रेलवे रियायत	निर्मय योजना		परिवार कुटीर सेवाएँ
लाभार्थियों की संख्या	361	51	44	नये–12	नवीकरण–37	40



चित्र 5 : विभिन्न योजनाएँ और रियायतें प्राप्त लाभार्थियों की संख्या का लेखाचित्रीय प्रतिवेदन

परिवार कुटीर सेवा:

एनआईईपीएमडी की सेवाएँ चाहते हुए आनेवाले बाह्य लाभार्थियों को परिवार कुटीर सेवा प्रदान की जाती है। यह सुविधा नियोजन के आधार पर दी जाती है और रोगियों को 7 से 10 दिन की अवधि के लिए दी जाती है। यह प्रावधान रोगियों तथा उनके परिवार के लिए अल्प अवधि के लिए एनआईईपीएमडी के परिसर में ठहरने का मौका देता है जो रोगी को मूल्यांकन करने, परामर्श प्राप्त करने और पेशेवरों द्वारा दी गयी सिफारिशों मूल्यांकन करने, परामर्श प्राप्त करने और पेशेवरों द्वारा दी गयी सिफारिशों के अनुसार गृह आधारित कार्यक्रमों की योजना बनाने में सहायक होती है। 2013-14 वर्ष में कुल 40 बहु अशक्तता युक्त व्यक्तियों ने, अपने परिवार के साथ इस परिवार कुटीर सेवा प्राप्त की है और एनआईईपीएमडी के मानदण्ड के अनुसार प्रभार प्राप्त किये गये हैं।

वयस्क स्वतंत्र जीवन विभाग:

व्यावसायिक कार्यकलापों में विकलांग व्यस्क

यह विभाग बहुविकलांग व्यस्कों को स्वतंत्र जीवन व्यतीत करने की अधिकारिता पर ध्यान देता है। विभागीय कार्यकलापों में मूल्यांकन, मौखिक मार्गदर्शन, क्षमता विकास कार्यक्रम, परिवार के सदस्यों को और बहुविकलांग व्यक्तियों को अधिकारिता, स्थापन सेवाएँ और चिकित्सात्मक अनुसंधान आदि शामिल हैं। इन्धियोन कौशल सं.1 "गरीबी घटाओ और काम तथा रोजगार पूर्वेक्षण" को ध्यान में रखकर, वर्ष भर विभागीय कार्यकलापों की योजना विभिन्न पहलुओं में की गयी। इन कार्यकलापों में मूल्यांकन, मौखिक मार्गदर्शन, क्षमता प्रशिक्षण, रोजगार स्थापन, चिकित्सात्मक अनुसंधान, घरेलू क्षमता में व्यस्क महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और परिवार के सदस्यों को आमदनी उत्पादन कार्यक्रम शामिल हैं।

सारणी 43 : नये लाभार्थी और अनुवर्ती लाभार्थी (ईएआईएल)

नये लाभार्थी			अनुवर्ती लाभार्थी		
एकल विकलांग	विकलांग	कुल	एकल विकलांग	विकलांग	कुल
125	40	165	4755	4822	9577

परिवार के सदस्यों की माँगों को ध्यान में रखकर, इस वर्ष में "घरेलू क्षमताएँ प्रशिक्षण" के नाम से एक नयी सेवा विशेष मांगों की वयस्क महिलाओं के लिए स्थापित की गयी है। इस इकाई में 18 से 35 वर्ष की 25 वयस्क महिलाएँ हैं। हर व्यक्ति के सर्वतोमुखी विकास जैसे व्यक्तिगत स्वास्थ्य, घरेलू उत्तरदायित्व, यौन शिक्षा, स्व समर्थन, कार्य आचरण, सुरक्षा क्षमताएँ और बुनियादी वृत्तिमूलक शिक्षितता पर अधिक जोर दिया जाता है।

बहुविकलांग वयस्कों और उनके परिवारों के लिए आमदनी उत्पादन कार्यक्रम वर्ष भर चालू रहा जहाँ विभिन्न स्व सहयोग दलों का निर्माण किया गया। 2013-14 वर्ष के दौरान विभिन्न इकाइयों द्वारा उत्पादित आमदनी का विवरण निम्नलिखित है।

सारणी 44 : विभिन्न इकाइयों का आमदनी उत्पादन

क्रम सं.	इकाई	रकम
1	आमदनी उत्पादन इकाई	25890.00
2	उत्पादन इकाई	8475.00
3	घरेलू क्षमता इकाई	22835.00

1. सिलाई और एम्ब्राइडरी
2. सन तैयार करना
3. आभूषण बनाना
4. रसायनिक उत्पाद
5. मोमबत्ती तैयार करना
6. बधाई पत्र तैयार करना

"माता से शिशु अभिगम" द्वारा परिवार के सदस्यों को शक्ति देने की संकल्पना जारी रहती है जिसमें चौथी टोली सिलाई और एम्ब्राइडरी पाठ्यक्रम चलाया गया। यह पाठ्यक्रम विकलांगों का व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र, गिण्डी, चेन्नै के सहयोग से चलाया जाता है।

फीनाइल तैयार करना

पीडबल्युडी की माताएँ मोमबत्ती तैयार करती हैं।

एम्ब्राइडरी इकाई

प्रधान मंत्री राष्ट्रीय परिषद् क्षमता विकास कार्यक्रम एक और उपक्रम था, जो देशभर पहुँचता था। यह कार्यक्रम सभी व्यक्ति विशेष को विकसित क्षमताओं, ज्ञान और संतोषजनक रोजगारी के लिए शक्ति देने पर लक्ष्य करता है। बेहतर जीवन स्तर (क्यूओएल) का प्रावधान करना क्षमता प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य केन्द्र है। इस कार्यक्रम में गैर सरकारी संगठनों के सहयोग के साथ चलाये गये 41 कार्यक्रमों में 956 लोग लाभान्वित हुए। लाभान्वित लोगों का विवरण तालिका 2 और लेखाचित्र 1 में जोड़ा गया है। सह पाठ्यचर्या के अंग के रूप में बहुविकलांग वयस्कों और उनके परिवार के सदस्यों ने 26 और 27 दिसंबर 2013 को दो दिनों के लिए जीवन क्षमताओं में प्रशिक्षण युवा विकास का राजीव गाँधी राष्ट्रीय संस्थान, श्रीपेरुम्पुदुर, चेन्नै में, प्रशिक्षण प्राप्त किया।

बहुविकलांग वयस्कों का जीवन क्षमता प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

बहुविकलांग व्यक्तियों के "सच्चे अधिकार" निश्चित करने के लिए, उनकी योग्यताएँ दिखाते हुए "बहुविकलांग वयस्कों की आर्थिक अधिकारिता की ओर" नामक एक वृत्तचित्र बनाया गया।

देशभर में प्रधान मंत्री क्षमता प्रशिक्षण कार्यक्रम 2013-14 की झलकें

आसाम – वेल्डिंग ट्रेड

मदुरै – रसायनिक उत्पाद

कोयमुत्तूर – खडिया तैयार करना

नागपट्टिनम – लिफाफा तैयार करना

येनम – कंप्यूटर प्रशिक्षण

बस्ती (यू.पी.) – कागज थैली

तिरुच्चिराप्पल्ली (त.ना.) – अराका आवरण प्लेट

कन्याकुमारी (त.ना.) – साबुन पाउडर तैयार करना

सारणी 45 : वर्ष 2013-14 के दौरान चलाये गये प्रधान मंत्री क्षमता प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण

क्रम. सं.	लाभ भोगियों की संख्या	राज्य	व्यापार
1.	60	1. आसाम (i) जोहर्ट (एनई) (ii) गुवाहाटी (एनई) (iii) दिब्रुगढ़ (एनई)	(i) फिल्म बनाना (ii) सन बनाना (iii) वेल्डिंग
2.	40	2. उडीसा (i), पूरी (ii)	(i) कायर बनाना, (ii) वेल्डिंग
3.	19	3. नई दिल्ली	(i) पैकिंग और उपहार आवरण
4.	20	4. हरियाणा (i) रोहतक	(i) स्क्रीन प्रिंटिंग
5.	479	5. तमिलनाडु कन्याकुमारी (2) मदुरै तिरुच्चि (2) नागपट्टिनम तिरुवण्णामलै (2) तिरुवारूर तंजाऊर करूर (2) विरुदुनगर नामक्कल चेन्नै तिरुवळ्ळूर (2) काँचीपुरम कोयमुत्तूर	 (i) पेपर मष बनाना, (ii) साबुन पाउडर बनाना (i) रासायनिक उत्पाद (i) सन उत्पाद, (ii) सुपारी आवरण लिफाफा बनाना (i) सिलाई, (ii) घरेलू उपकरणों को ठीक करना घरेलू उपकरणों को ठीक करना (i) सन उत्पाद (i) सिलाई, (ii) मोबाइल ठीक करना (i) आभूषण बनाना घरेलू उपकरणों को ठीक करना (i) कपडे प्रिंटिंग (i) पायंदाज, (ii) सिलाई (i) बुनाई खडिया बनाना
6.	111	6. आन्ध्र प्रदेश (i) वारांगल (ii) हैदराबाद (iii) गुण्टूर (iv) अम्मलापुरम (v) विशाखपटनम	 (i) मोबाइल ठीक करना (ii) जिल्द करना और छपाई (iii) खाद्य संसाधन (iv) सिलाई (v) सिलाई
7.	25	7. उत्तर प्रदेश (i) बस्ती	 (i) कागज थैली
8.	25	8. मुंबई (i) जोगेश्वरी (ई)	 (i) सन थैली
9.	81	9. पुदुच्चेरी (i) पुदुच्चेरी (2) (ii) येनम	(i) आभूषण बनाना और शुष्क पुष्प बनाना (ii) आभूषण बनाना (iii) कंप्यूटर प्रशिक्षण
10.	20	10. अगरताला (एनई) (i) त्रिपुरा	 (i) सिलाई
11.	50	11. बिहार (i) पटना (रुकनपुरा) (ii) पटना (बेगुसराई)	 (i) कागज उत्पाद (ii) स्क्रीन प्रिंटिंग
12.	26	12. केरल (i) पालक्काडु	(i) रासायनिक उत्पाद



चित्र 6 : प्रधान मंत्री क्षमता विकास कार्यक्रम 2013-14 के अधीन
लाभार्थियों का राज्य रीति से विवरण



चित्र 7 : प्रधान मंत्री क्षमता विकास कार्यक्रम 2013-14 के अधीन
अशक्तता रीति से लाभार्थियों का विवरण

सफलता की कहानी - 1

मास्टर टी-धरुण जो एक वर्ष दो महीने का है, बड़ा सक्रिय और सहयोगशील है। उसका निदान किया गया कि वह विकासशील में धीमी सीमारेखा बुद्धिमान है। व्यावसायिक चिकित्सा से संबंधित समस्याएँ पता लगाने के लिए एक विस्तृत मूल्यांकन के लिए वह व्यावसायिक चिकित्सा विभाग में आया। चिकित्सा हस्तक्षेपों में एनडीटी, क्रूस अभिगम, जीवरासायनिक अभिगम, और विभिन्न ओ.टी. हस्त व्यवहार तकनीक अपनाये गये।

इन हस्तक्षेपों के द्वारा गर्दन, सिर नियंत्रण और शरीर नियंत्रण क्षमताएँ प्राप्त की और उसने संतोषजनक अभिवृद्धि की। वह अपनी सहायता से दस मिनट से अधिक बैठ पाया। वह अपनी उम्र के लायक हाथ चलाने की क्षमता पाया। जैसे हाथ से मुँह तक की क्षमता, मुँह से बोलने की क्षमता, चबाना, काटना, निगलना आदि क्रियाओं में वृद्धि आयी। लार टपकने की समस्या कम हो गयी। उपरिलिखित क्रिया योग्यताओं से यह संभव था।

खेल क्षमताओं में काफी संतोषजनक परिवर्तन (उम्र के अनुसार) आये। उदा : खेलने के उपकरणों में खुद दिखाना, पहुँचना, ग्रहण करना और आवाज करनेवाले खिलौनों से काम लेना आदि। खेल की चीजों की ओर गौर दृष्टि से देखने में भी वृद्धि हुई।

अभिभावकों को उचित गृह कार्यक्रम, जैसे उठाना और ले चलना, हाथ से काम करने के तकनीक और खाने की स्थितियाँ और तकनीक आदि दिये गये।

सफलता की कहानी - 2

आद्य हस्तक्षेप में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के प्रशिक्षणार्थी और उनकी पूर्ण अंतःशक्ति यथासमय विकास में केन्द्रित रही।

अभिभावकों और प्रधान प्रशिक्षकों तथा उनके आश्रितों के मनों में यह एक चिर स्थायी याद रही। तीन वर्ष से कम शिशुओं पर प्रधान प्रशिक्षकों ने अपने निरंतर प्रयत्न दिखाये।

इन प्रशिक्षणार्थियों ने संज्ञानात्मक क्षमताएँ, चाल क्षमताएँ, भाषा विकास और सामाजीकरण में विकास करने पर ध्यान दिया। खिलाना जैसे स्वसहयोग क्षमताओं के लिए प्रधान प्रशिक्षक से प्रशिक्षणार्थियों ने कई हस्तलाघव सीखे और स्वयं करके दिखाया। बाद में उन्होंने आँसू बहाये बिना बच्चों को खिलाने का अभ्यास पाया। अभिभावकों को भी पाँचों स्नातकोत्तर डिप्लोमा के प्रशिक्षणार्थियों ने बच्चे को बिठाना, खिलाना, और कोमल चाल-चलन क्षमताओं में शक्ति प्रदान की। रोगियों पर प्रशिक्षणार्थियों ने संवेदिक विकास पर अच्छी तरह ध्यान दिया। संवेदिक चलन विकास, संवेदिक चलन कार्यकलापों ने संज्ञाता के विकास में सहायता की। बच्चों के चेहरे खुशी से विकसित हुए और इससे उनकी माताओं के चेहरों पर भी मुस्कराहट तैरने लगी।

सफलता की कहानी - 3

बच्ची सहाना, 6 वर्ष की बच्ची प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीडित हुई। (सस्तंभी डिप्लेजिया)

बच्ची सहाना भौतिक चिकित्सा इकाई में मूल्यांकन के लिए एनआईईपीएमडी में आयी। वह कुछ क्षणों के लिए रेंग सकती है और घुटनों के बल बैठ सकती है। और वह द्विपक्षी अपर सिरे पर पूरा वजन उठा नहीं सकती। चतुष्पक्षीय अवस्था में बैठने में शरीर में स्थिरता ला नहीं सकती, बाहर जाते समय भी तथा श्रेणीय अस्थिरता भी मौजूद थी।

हस्तक्षेप कौशलः

- पीटी इकाई में एनडीटी अभिगम अपनाया गया है।
- शरीर की अवस्था ठीक कर दी गयी और बच्ची को अभ्यास करते समय अधिक सक्रिय होने का प्रोत्साहन देकर माँसपेशियों को सरलीकृत किया गया।
- जोड़ उपगमन बढ़ाना, कोमल ऊतक, संभलकर काम करना आदि उपक्रमात्मक रूप में किये गये।
- भंगिमा सुधार, ठवन प्रशिक्षण, संभलने का प्रशिक्षण।
- दर्द प्रबन्धन और बिजली की चिकित्सा तरीके।

उन्नतियाँः

- वह मई 2012 से चिकित्सा पा रही है, हर सत्र में 45 मिनट की अवधि के, सप्ताह में दो बार।
- स्थिति ठीक करना, घुटने के बल बैठना, अर्द्ध-घुटने पर बैठना, शरीर की स्थिरता पर उसने काम किया, अर्द्ध-घुटने से उठना, खड़ा होना और ठवन प्रशिक्षण दिया गया।
- मौजूदा हालत है कि बच्ची घुटनों के बल या अर्द्ध घुटनों के बल बैठ सकती है, ऊँचे बैठकर खड़ी हो सकती है जिसमें थोड़ी सहायता चाहिए और रोलेटर की सहायता से चल पाती है।

सफलता की कहानी -4

कुमारी डी. रत्ना, जो 14 वर्ष की है, को बहुअशक्तताओं का निदान किया गया है। प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात इकाई में उसने माध्यमिक स्तर तक की पढाई की। उसका मौजूदा स्तर का निष्पादन है स्व-कार्य क्षमताएँ, शैक्षिक क्षमताएँ करने में, चलन कार्य, भाषा और संचार में, खेल और मनोरंजन कार्यों में कठिनाई होती है। उसमें खाने-पीने में कठिनाई, एडीएल कार्यकलापों में समस्या आदि देखी गयीं। वह स्पष्ट बोल नहीं पा रही थी। वह सूक्ष्य कार्य क्षमताओं में कमजोर थी और हाथ तथा तथा आँख समन्वय क्षमताओं में अच्छी थी। वह स्वतंत्र होकर चल सकती थी।

हस्तक्षेप के बाद, वह पढाई में अधिक रुचि दिखा रही है। वह दो अंकों का जोड़ कर सकती है। वह फल, सब्जियों, स्वरों, तमिल अक्षरों को जब भी दिखायें, चित्र में दिखाती है। एनआईईपीएमडी के कार्यकर्ताओं के नाम मालूम हैं। वह अंग्रेज़ी और तमिल के शब्दों को पहचानती है।

वह अपना नाम, जन्म तिथि, घर का पता, फोन नंबर लिखती है और वह अपना हस्ताक्षर करके पोस्टमैन से अनुरक्षण अनुदान प्राप्त करती है। वह सामान्य पाठशाला शिक्षा में आठवीं कक्षा पास कर चुकी है। वैयक्तिक क्षमताओं में, वह मासिक रजोधर्म विषयक स्वास्थ्य से परिचित है। वह घरेलू मामलों में अपनी माँ की सहायता करती है। वह स्वतंत्र रूप से पी सकती है।

इशारे की भाषा सीखते हुए

उसमें लार टपकना अब नियंत्रण में है। व्यावसायिक क्षमताओं में, वह बड़ों के पर्यवेक्षण में काफी या जूस वगैरह बना सकती है। वह कला और दस्तकारी कार्यों में रुचि रखती है। वह अच्छी लड़की है। वह अपनी कक्षा की सहेलियों के साथ सहयोग करती है। वह अन्य लोगों के साथ आसानी से मिल लिया करती है। वह पढाई में, कक्षा के कार्यकलापों में और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अधिक रुचि रखती है।

सफलता की कहानी - 5

सात वर्ष का मास्टर वी. नरेश चोपड़ा निम्न सामाजिक आर्थिक स्थिति के परिवार का है। वह चलन, वाणी और संज्ञानात्मक मामलों में धीमे विकास की शिकायत से लाया गया था। बच्चा असमरक्तता की जोड़ी का पैदा हुआ था। अब माँ-बाप के साथ वह रहता है। बच्चा 25.07.2012 को एनआईईपीएमडी में आया। बच्चा यहाँ चिकित्सा, मनोविज्ञान, पीटी, ओटी, वाणी चिकित्सा और विशेष शिक्षा जैसे बहुअनुशासनिक दल द्वारा निरीक्षण किया गया। मूल्यांकन दल ने देखा कि बच्चा आत्मविमोह वर्णक्रम अव्यवस्था से पीडित है और विकास का हल्का अवरोध है। उसको विशेष शिक्षा विभाग में भेजा गया।

विशेष शिक्षा में, उसे एक वर्ष (जुलाई 2012–अप्रैल 2013) की अवधि के लिए स्कूल की तैयारी (अंत : शिक्षा) के लिए ईसीएसई इकाई को भेजा गया। ईसीएसई इकाई में बच्चे के माता-पिता को एडीएल, संकल्पना का निर्माण, सामाजिक और भाषायी क्षमताओं का सामना करना पड़ा। वह अधिकांश कार्यों में अपनी माता पर निर्भर करता था। अतः महत्वपूर्ण समस्या क्षेत्रों में अधिक ध्यान दिया गया और लक्ष्य निश्चित किये गये तथा हस्तक्षेप भी दिया गया। ईसीएसई कक्षा के दौरान उसने स्थानीय, प्रान्तीय और राष्ट्रीय स्तर के खेलकूदों में भाग लिया और पुरस्कार भी जीते।

- सातवाँ आरोहणीय विशिष्टता पुरस्कार 2013 – "खेलकूद" के क्षेत्र में विशिष्टता के लिए जो तमिलनाडु असमान योग्य संघ धर्मार्थ न्यास द्वारा 14 नवंबर 2013 को चलाया गया।
- 22 फरवरी 2014 को असमान योग्य व्यक्तियों के लिए हुई तेरहवीं प्रान्तीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में 5–8 वर्ष के बच्चों की 25 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार।
- फरवरी 2013 को बहु विकलांगों के लिए असमर्थों के लिए सातवें खेलकूद (भारतीय पारालिंपिक समिति से संबद्ध) प्रतियोगिता में भाग लिया और बहुअशक्तता संवर्ग के अन्दर पुरस्कार प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान पाया, 50 मीटर दौड़ में प्रथम आया और टेनिस बाल फेंकने में तीसरा रहा।

- फरवरी 2013 में वेगम् 2013 – असमान योग्य व्यक्तियों की खेलकूद प्रतियोगिता में उसने भाग लिया। निशान पर गेंद फेंकने में उसने प्रथम स्थान पाया। 25 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में वह तीसरा आया।

वह विभिन्न शिक्षण कौशलों/तकनीकों द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया और हर क्षेत्र में उसने खास उन्नति दिखायी। लेखन कला में, पठन कला में, संचार क्षमताओं में उसने उन्नति की। और सरल वाक्यों में बोलने, अन्य बच्चों के साथ सहयोग करके खेलने में, 10 चीजों तक गिनने में, एडीएल क्षमताओं में स्वतंत्र रहने में वह सफल रहा। वह नियमित पाठशाला (अन्तः शिक्षा) में भेजा गया। उसको दाखिला मिला और आईआरटी स्कूल, बालया नेडुंकुप्पम, कूवत्तूर, कल्पाक्कम में 2013–14 वर्ष के एलकेजी में पढ रहा है। उसका निष्पादन अच्छा है और पढ़ाई में अच्छा अंक प्राप्त करता है। उसी समय अन्य क्षमताओं की उन्नति के लिए सप्ताह में दो बार पाठशाला अनलंब सेवाओं के लिए आता है।

सफलता की कहानी - 6

वयस्क लड़कियों के लिए विशेष आवश्यकताओं के साथ अपने अधिकारों को यथार्थ रखना।

24 वर्ष की कुमारी ए. पुनीता, अपने परिवार की कनिष्ठ पुत्री है। परिवार के सभी सदस्यों ने और विशेषकर उसकी दो बड़ी बहनों और माता-पिता ने पूर्ण सहयोग दिया। जैसे ही उसकी विशेष आवश्यकताएँ पहचानी गयीं, वह अपने जीवन के हर कदम पर विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। जब वह एनआईईपीएमडी में आयी, तभी उसमें छिपी प्रतिभा बाहर दिखाई दी।

वह अपने घर के निकट एक स्कूल में सातवीं कक्षा तक पढाई की। 01.01.2012 वर्ष में वह एनआईईपीएमडी में पंजीकृत हुई। आरंभिक बहुअनुशासनिक मूल्यांकन के बाद, वह व्यस्क स्वतंत्र जीवन विभाग में भेजी गयी। वहाँ विशेषज्ञों द्वारा एक विस्तृत मूल्यांकन तैयार किया गया। व्यक्तिगत स्वास्थ्य, संचार क्षमताएँ, शैक्षिक क्षमताएँ, कार्य आचरण क्षमताएँ, घरेलू कार्यकलाप लिंग शिक्षा, स्वसमर्थन, सुरक्षा

क्षमताएँ आदि में उसका मौजूदा स्तर का प्रदर्शन देखा गया और आगे के प्रशिक्षण के लिए वह नव स्थापित घरेलू क्षमता इकाई में भेजी गयी।

दो वर्ष के अन्दर, वह सफलता के रास्ते से निकली। व्यावसायिक प्रशिक्षकों के सहयोग के साथ नियमित प्रशिक्षण पाया। व्यक्तिगत स्वास्थ्य क्षमताओं के प्रशिक्षण में अधिक जोर दिया गया जिसे परिवार ने और समुदाय के लोगों ने स्वागत किया। उसकी प्रस्तुति क्षमताओं में प्रशिक्षण देने पर, वह हल्का नाश्ता तैयार करने में रुचि ली और विभाग में प्रसिद्धि पायी। जैसे कहा जाता है, "योग्यताएँ देखो असमर्थताएँ नहीं", कुमारी पुनीता ने आगंतुकों, पेशवरों और समुदाय के अन्य सदस्यों को उसने निरूपित किया। अब तक उसके दल ने रु.26,305/- की विक्रय-रकम कमाई। श्रीमती सी. माला, व्यवसायिक प्रशिक्षिका ने सहयोग दिया।

इसी प्रकार, अपने विभाग के सहकर्मियों के साथ विश्वास प्राप्त करके, अपनी सह व्यस्क लड़कियों की देखभाल करने में एक प्रशिक्षिका के रूप में अपने को व्यस्त कर लिया। वह अपने दैनिक कार्यों में अपने दलों में एक आदर्श माडल मानी जाने लगी।

कुछ उल्लेखनीय क्षमताएँ कुमारी ए. पुनीता में देखी गयीं जब वह प्रशिक्षण काल में व्यस्क लड़कियों की माँग में अभ्यास कर रही थी। वह व्यस्क स्वतंत्र जीवन क्षमताओं के अनुरूप काम कर रही थी।

- **व्यक्तिगत स्वास्थ्य क्षमताएँ :** नाश्ता बेचने में स्वास्थ्य का ध्यान रखना, कपड़े में और बनाव-श्रृंगार में साफ-सुथरापन रखना।
- **कार्य आचरण क्षमताएँ :** स्वतंत्र रूप से रसोई करना, रसोईघर, बर्तन, कपड़े आदि संभालकर रखना।
- **लिंग शिक्षा क्षमताएँ :** व्यस्क लड़कों और नये सदस्यों के साथ अच्छे ढंग से बात करना।
- **सुरक्षा क्षमताएँ :** स्वतंत्र रूप से यात्रा करना, अपने आप की देखभाल कर लेना।
- **शैक्षिक क्षमताएँ :** स्वतंत्र रूप से जाकर खरीददारी करना, चुट्टे गिनना, चीजों को बराबर प्राप्त करना।

इस प्रकार कुमारी पुनीता अपने परिवार के सदस्यों, पेशेवरों, समुदाय की सहायता से अपने इस स्तर को उपलब्ध कर पायी। और सीधे ही **इन्वियॉन स्ट्रेटजी 2012 के लक्ष्य सं.6 (लिंग समता और नारी अधिकारिता सुनिश्चित करना)** को उसने प्राप्त किया।

अध्याय 5

विकलांग व्यक्तियों को खरीद/उपकरणों और साधनों की उपयुक्तता की सेवाओं के लिए सहायता की योजना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने इस संस्थान को विकलांग व्यक्तियों को सहायक उपकरणों के वितरण के लिए एक कार्यान्वयन अभिकरण के रूप में चुना है। इस योजना के अधीन वितरित साधन और उपकरण पूर्ण रूप से भारतीय मानक ब्यूरो के विनिर्देशन को निश्चित करते हैं। समुदाय की माँग और आवश्यकता के अनुसार मूल्यांकन और वितरण शिबिरें आयोजित की गयीं। राष्ट्रीय बहु विकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान (एनआईईपीएमडी) ने विभिन्न स्थानों पर शिबिरों का आयोजन किया और भारत सरकार की एडीआईपी योजना के कार्यान्वयन के लिए केन्द्र खोला जिसमें 2013-14 प्रतिवेदित वर्ष के दौरान 1922 व्यक्तियों को 2390 साधन और उपकरण वितरित किये गये। इसका विवरण निम्नलिखित है:

सारणी 46 : एआईडीपी योजना के अधीन निधियाँ

वर्ष	आदि शेष	प्राप्त सहायक अनुदान बचत खाते में ब्याज	प्राप्ति की तिथि	खर्च	अन्तशेष
2008-09	86,62,628	रु. 84,62,174 2,50,615	22.04.08 24.12.08 18.02.09	रु. 1,16,39,132	रु. 57,36,285
2009-10	57,36,285	रु. 12,50,000 रु. 1,72,175	06.04.09	रु. 59,16,189	रु. 12,42,271
2010-11	12,42,271	रु. 3,00,11,000 रु. 2,36,773	23.4.2010 29.12.2010 15.2.2011 31.3.2011	रु. 34,05,397	रु. 2,80,84,647
2011-12	2,80,84,647	शून्य रु. 9,78,435	–	रु. 75,51,676	रु. 2,15,11,406
2012-13	2,15,11,406	शून्य रु. 6,06,942	–	रु. 2,15,93,428	रु. 5,24,920
2013-14	5,24,920	2,25,00,000 2,48,086	28.9.13 27.12.13	रु. 1,76,35,983	रु. 56,37,023

गुजरात में एक लाभार्थी वितरण शिविर में श्रवण साधन प्राप्त करते हुए

उडीसा में एक लाभार्थी वितरण सिविर में तिपहिये पैरगाडी प्राप्त करते हुए

सारणी 47 : वर्ष 2013-14 के लिए एडीआईपी योजना के अधीन प्राप्त लाभार्थियों का विवरण

क्रम	राज्य	जिला	दिनांक	लाभार्थियों का विवरण					कुल
				ओएच	बीएच	एमएच	एचएच	पीएओ	
1.	तमिलनाडु	काँचीपुरम	24.11.13	03	-	-	03	-	06
2	गुजरात	अहमदाबाद	24.12.13	21	-	267	-	-	288
3	तमिलनाडु	चेन्नै	04.01.14	03	-	04	-	-	007
4	तमिलनाडु	तिरुवळ्ळूर	14.02.13	-	-	-	61	-	061
5	गुजरात	अहमदाबाद	17.02.14	-	-	205	-	-	205
6	तमिलनाडु	कडलूर	21.02.14	-	-	196	-	-	196
7	आन्ध्र प्रदेश	वारांगल	26.02.14	100	-	100	015	-	215
8	तमिलनाडु	तिरुवळ्ळूर	30.05.13	75	-	-	-	-	075
	तमिलनाडु	काँचीपुरम	1.4.13-	135	026	389	120	199	869
		(मुख्यालय)	31.03.14						
कुल जोड				**337**	**026**	**1161**	**199**	**199**	**1922**

सारणी 48 : वर्ष 2013-14 के लिए एडीआईपी योजना के अधीन वितरित साधनों एवं उपकरणों का विवरण

क्र.सं.	विवरण	उपकरणों की संख्या	क्र.सं.	विशेष	उपकरणों की संख्या
1.	तिपहिये साइकिल	0128	11.	श्रवण साधन	0199
2	पहिया दार कुर्सी (ए)	0140	12	हस्ताक्षर गाइड	0003
3	पहिया दार कुर्सी (C)	0076	13	ब्रेइल घड़ी	0020
4	सहायक बैसाखी	0091	14	ब्रेइल स्लेट	0003
5	कोहनी बैसाखी	0098	15	स्टैण्ड माग्निफैयर	0005
6	वाक्कर	0009	16	अबाकस	0003
7	चलन छड़ी	0027	17	क्रिकेट गेंद	0003
8	रोलेटर	0025	18	हस्त माग्निफैयर	0005
9	शिक्षण-अभिगम सामग्रियाँ	1161	19	सीडी प्लेयर	0015
10	कृत्रिम अंग और ओर्थोटिक	0367	20	फोल्डिंग केन (एनआईवीएच)	0012
कुल जोड़					**2390**

अध्याय 6

अनुसंधान & विकास

किसी एक विशिष्ट विषय पर प्रासंगिक सूचना के लिए वैज्ञानिक एवं क्रमिक खोज ही अनुसंधान है। इसमें ध्यानपूर्वक जाँच-पड़ताल या पूछताछ शामिल है विशेषकर ज्ञान की किसी भी शाखा में नये यथार्थों के लिए शोध द्वारा ध्यान देना है। अनुसंधान एक शैक्षिक कार्य है। इसमें समस्याओं की परिभाषा देना और पुनर्परिभाषा देना, परिकल्पनाओं को नियमित करना या समाधान देना, संकलित करना, आयोजन करना और आँकडों का मूल्यांकन करना और निष्कर्ष पर आना है। यहाँ पुनर्वास के क्षेत्र में केवल प्रमाण पर आधारित अनुसंधान ही किया जाता है। अनुसंधान और विकास एनआईईपीएमडी के लक्ष्यों में एक है।

अनुसंधान परियोजनाओं के निर्देशन के लिए शैक्षिक समिति का गठन किया गया है। इस प्रकार ली गयी अनुसंधान परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित है:–

1. बहुविकलांग के व्यक्तियों की उत्पत्तिमूलक रूपरेखाएँ बनाना-समरक्तता की उत्पत्तिमूलकता:

विकृति या विकलागों के साथ संतति में बढ़ते जोखिम के साथ समरक्तता संबंधित है। माता-पिता से संतति में दोषपूर्ण आटोसोमल अप्रबल जीन का वंशानुक्रम हर गर्भ काल में 25% तक है। परियोजना का अनुमानित खर्च रु.13,42,000 का है। इस परियोजना में रु.12,02,800 का खर्च किया गया है।

लक्ष्य:

माता-पिता और उनके बहुविकलांगों से ग्रस्ति बच्चों की समरक्तता के अध्ययन द्वारा हम यह दिखाने की आशा करते हैं कि कैसे समरक्तता के माता-पिता अपने संवाहक (आटोसोमल अप्रबल) दोषपूर्ण जीन अपने बच्चों को देते हैं जिसके परिणाम में प्रभावी दोषपूर्ण अव्यवस्था आती है।

पद्धति:

इस अध्ययन अभिकल्प ने विलोपन या द्विरावृत्ति के रूप में या असमयुग्मता की क्षति (एलओएच) के रूप में मात्रिक जाति संबंधी असंतुलन देखने के लिए एसएनपी क्रम विन्यास अपनाया गया। माता-पिता और साधारण सहोदर भाई-बहन भी निरीक्षण के रूप में परीक्षित किये गये। रोगियों में विलोपन और द्विरावृत्ति देखी गयी तथा उनके माता-पिता और सहोदरों में भी देखी गयी। सभी मामलों में एलओएच का विस्तार विभिन्न आधार जोडियाँ कई गुणसूत्रों में देखी गयीं। वे एलओएच जो निरीक्षणों पर लाँघ नहीं रहे थे, वे शक्तिशाली क्षेत्र थे जो परीक्षित जीन को लक्ष्य कर रहे थे।

परिणाम:

देखे गये 10 रोगियों में से 5 में, ये एलओएच क्षेत्रों के आटोसोमल अप्रबल जीन रोगी की अव्यवस्था के साथ मेल खा रहे थे। हमने देखा कि साधारण सहोदर इस प्रकार के दोषपूर्ण जीन प्राप्त नहीं कर रहे थे और एलओएच क्षेत्रों का कम अंश पा रहे थे। नीति निर्धारकों को समझना है कि समरक्तता संबंधों के विरुद्ध विधान बनाने की माँग या कम से कम समरक्तता संबंध से जुडी जोडियों को परखने का आदेश देना है।



चित्र 8 : आटोसोमल गुण सूत्रों पर एलओएच (विषमयुग्मता की क्षति)। हर खण्ड गुणसूत्र पर, उचित ढंग से एलसीएचएस (दीर्घ अविराम समयुग्मज) फैलाव को दिखाता है।

वर्तमान स्थिति : पूर्ण हुआ।

2. भारत में बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए वर्तमान सेवा प्रावधान - एक आँकडे पर आधारित संग्रहण

बहुविकलांग व्यक्तियों में विभिन्न अशक्तताओं का सम्मिलन होता है, जिनमें भौतिक चलन, मानसिक मंदन, दृश्य, श्रवण और अन्य सह संबंधी अशक्तताएँ हो सकती हैं। इस प्रकार, पूरे देश में प्राप्त वर्तमान सेवाओं और सेवा तरीकों संबंधी आँकडा–बैंक बनाना आवश्यक है।

परियोजना की कालावधि 3 वर्ष की है और परियोजना का अनुमानित व्यय रु.10 लाख है। और यह समाज कल्याण विभाग में चलायी जायेगी। आज की तारीख तक इस परियोजना के लिए रु.7,74,000/- की रकम खर्च की गयी है।

उद्देश्य:

भारत में बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए सेवाएँ प्रदान करनेवाले वर्तमान संगठनों, संस्थानों का एक संकलित आँकड़े आधार का प्रावधान करना।

लक्ष्य:

- बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए काम करनेवाले संगठनों/संस्थानों के पते संग्रहीत करना और वर्गीकृत करना।

- भारत भर में बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए प्राप्त सेवाएँ संबंधी सूचनाएँ संग्रहीत करना।
- बहुविकलांग व्यक्तियों को प्राप्त सेवा वितरण मॉडल से संबंधित सूचनाओं का पुनरीक्षण करना।
- दीर्घकालीन पुनर्वास के लिए बाहरी लाभार्थियों को संगठनों/संस्थाओं में सौंपना।
- बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए प्रभावी सेवाएँ प्रदान करने के लिए एनजीओओं की माँगों का मूल्यांकन करना।

